दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 346 | सीकर, गुरुवार 12 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# भजनलाल सरकार ने खोला पिटारा...

# राजस्थान- फ्री इलाज, किसानों को सस्ती बिजली

## 8वें वेतन आयोग के लिए कमेटी; स्कूली बच्चों को जादुई पिटारा देगी सरकार; होमगार्ड के 5 हजार पद बढ़ाए



जयपुर।

राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार (11 फरवरी) को लगातार तीसरा फुल बजट पेश किया। करीब 2 घंटे 54 मिनट के बजट भाषण में दीया कुमारी ने सरकारी कर्मचारियों, किसानों के साथ हेल्थ सेक्टर, पेयजल, ट्रांसपोर्ट सेक्टर में कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा- 8वें वेतन आयोग के लिए हाईपावर कमेटी बनाई जाएगी। परीक्षाओं के लिए नई टेस्टिंग एजेंसी का भी बजट में ऐलान किया। सरकार स्कूली बच्चों को खेल किट और जादुई पिटारा भी देगी। असहाय, विमंदित, लावारिस मरीजों को अब फ्री इलाज मिलेगा। बजट में मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना में अब कर्ज की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख किया है। वित्त मंत्री ने कहा- सरकारी कर्मचारी की मौत पर उसकी पुत्रवधू को भी अनुकंपा नियुक्ति मिल सकेगी। साथ ही कर्मचारी के सरकारी नौकरी में रहते समय स्थायी दिव्यांग हो जाती है और वह नौकरी करने में असमर्थ है तो आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी। जलदाय विभाग में 3 हजार संविदा कर्मियों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। साथ ही नई जल नीति लाने का भी ऐलान किया गया। करीब 6500 गांवों को हर घर नल हर घर जल योजना से जोड़ा जाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सरकार 1800 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़कें और ब्रिज बनाएगी। 4 जिलों में एयरपोर्ट बनाने के लिए सर्वे भी किया जाएगा। अगले साल 15 नए रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 30 हजार युवाओं को 10 लाख तक का ब्याज मुक्त लोन देगी।

झींगा पालने वाले किसानों को सस्ती बिजली भी दी जाएगी। इसके अलावा सरकार ने दूसरे राज्यों से गाड़ी खरीदने पर टैक्स में छूट का भी ऐलान किया है।

### किसानों से उद्योग तक मेगा एलान

राजस्थान बजट 2026 में वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विकास, निवेश, पर्यावरण और कृषि को केंद्र में रखते हुए कई बड़े फैसले किए हैं। सरकार ने पुराने कर्ज की रीस्ट्रक्चरिंग से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, खनन, ऊर्जा और किसानों के लिए व्यापक योजनाओं का खाका पेश किया है। बजट में प्रभावी पूंजीगत खर्च 1 लाख करोड़ से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि विकास कार्यों के लिए 53,978 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले साल की तुलना में 36 .9% अधिक है।

### कर्ज प्रबंधन और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़ा जोर

राज्य सरकार पहली बार 'स्टेट गवर्नमेंट सिक्योरिटी स्विचिंग' प्रक्रिया शुरू कर रही है, जिससे पुराने कर्ज का बोझ कम होगा और वित्तीय संतुलन मजबूत होगा। आरबीआई के गारंटी रिडेम्पशन फंड में निवेश से इस साल 600 करोड़ और अगले साल 750 करोड़ की बचत का अनुमान है। बिजली, सड़क और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं पर 51,000 करोड़ से अधिक खर्च किया जाएगा। साथ ही कंसोलिडेटेड सिंकिंग फंड में 2,934 करोड़ का निवेश कर वित्तीय स्थिरता का संदेश दिया गया है।

### उद्योगों को राहत, बिना फिजिकल इंस्पेक्शन शुरू होंगे प्रोजेक्ट

निवेशकों के लिए 'वन एप्लीकेशन, वन डिजिटल ट्रैक' व्यवस्था लागू होगी, जिससे सभी विभागीय मंजूरी एक प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी। कम जोखिम वाले उद्योगों में फिजिकल इंस्पेक्शन खत्म करने की घोषणा हुई है। आरआईपीएस योजना का दायरा बढ़ाकर सर्विस सेक्टर और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण को भी शामिल किया गया है। टेक्सटाइल उद्योग को अतिरिक्त कैपिटल और पेरोल सब्सिडी मिलेगी, जबकि कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग को थ्रस्ट सेक्टर घोषित किया गया है।

### शेखावाटी को यमुना जल से लेकर एआई आधारित शासन तक बड़े एलान

बजट में ग्रामीण विकास, कृषि, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल गवर्नेंस और आधारभूत ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है। इस बजट में जहां शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल परियोजना जैसी जीवनदायिनी योजना को गति देने की घोषणा की गई, वहीं सरकारी कर्मचारियों, युवाओं, महिलाओं, किसानों और आम नागरिकों के लिए कई नई योजनाएं और सुधार भी प्रस्तावित किए गए।

सबसे बड़ा आकर्षण शेखावाटी क्षेत्र के लिए घोषित यमुना जल परियोजना रही, जिसके तहत हथिनीकुंड बैराज से पानी लाने के लिए लगभग 32,000 करोड़ की लागत वाली परियोजना को आगे बढ़ाने का एलान किया गया। लंबे समय से पानी की समस्या झेल रहे इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह योजना बड़ी राहत मानी जा रही है। इसके साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को 'स्टेट पंचायत अवॉर्ड' देने और 1.5 लाख जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को विशेष ट्रेनिंग देने की भी घोषणा की गई, जिससे प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। किसानों के लिए बजट में आधुनिक कृषि तकनीक, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। सरकार किसानों को केवल उत्पादक नहीं बल्कि 'प्रोसेसर' बनाने की दिशा में कदम उठाएगी, जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी होगी।

#### डेयरी, पर्यावरण और जल संरक्षण

डेयरी डेवलपमेंट फंड 1000 करोड़ से बढ़ाकर 2000 करोड़ किया गया है। सरस ब्रांड अब यूपी और एमपी में विस्तार करेगा। अगले साल 10 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे और 2047 तक 20% ग्रीन कवर का लक्ष्य रखा गया है। 'पृथ्वी प्रोजेक्ट' पर 1500 करोड़ खर्च कर मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने की योजना है। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन 2 .0 के तहत 5000 गांवों में 1 .10 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे।

#### अरावली संरक्षण के लिए बड़ा प्रोजेक्ट

अरावली की 4000 हेक्टेयर भूमि का कायाकल्प किया जाएगा। अवैध खनन रोकने के लिए सुरक्षा दीवारें बनेंगी और स्थानीय प्रजातियों के पौधों का बड़े पैमाने पर रोपण होगा। इससे इको-टूरिज्म और वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

#### किसानों के लिए मेगा पैकेज

35 लाख किसानों को 25,000 करोड़ का ब्याजमुक्त लोन देने का लक्ष्य है। 4,000 किसानों को ग्रीनहाउस और पॉलीहाउस के लिए 200 करोड़ का अनुदान मिलेगा। मंडियों के विकास पर 350 करोड़ खर्च होंगे और 'मिशन राज गिफ्ट' शुरू किया जाएगा। 2 .5 लाख किसानों को मुफ्त बीज और हर पंचायत में वर्मी कंपोस्ट यूनिट स्थापित की जाएगी।

#### सिंचाई, तारबंदी और मशीनरी पर सहायता

20,000 किमी तारबंदी के लिए 228 करोड़ और 36,000 फॉर्म पॉन्ड के लिए 585 करोड़ का अनुदान दिया जाएगा। 3 लाख किसानों को ड्रिप-स्प्रिंकलर सुविधा मिलेगी। 50,000 नए सोलर पंप लगाए जाएंगे और कृषि मशीनों पर 160 करोड़ सब्सिडी दी जाएगी। 500 नए कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित होंगे, जहां किसान मशीनें किराए पर ले सकेंगे।

**ईवी, सीएनजी और खनिज रिसर्च को बढ़ावा**-प्रदेश में 250 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन और 60 नए सीएनजी स्टेशन लगाए जाएंगे। त्रस्द्ध के सहयोग से हाई-टेक खनिज कोर लाइब्रेरी बनेगी, जिससे रिसर्च और खनन क्षेत्रों की खोज को बढ़ावा मिलेगा। पुराने टैक्स मामलों के समाधान के लिए नई एमनेस्टी योजनाएं लाई जाएंगी, जिनसे व्यापारियों को ब्याज और पेनल्टी में राहत मिलेगी।

**खनन और निर्माण में नई नीतियां**-सरकार 100 नए माइनर मिनरल प्लॉट्स और नए मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी करेगी। खातेदारी जमीन पर खनन की अनुमति आसान की गई है और प्रीमियम 40% से घटाकर 30% कर दिया गया है। सरकारी निर्माण में एम-सेण्ड का उपयोग 25% से बढ़ाकर चरणबद्ध तरीके से 50% करना अनिवार्य होगा।

**टैक्स राहत और वाहन नीति में बदलाव**-अन्य राज्यों से खरीदे गए निजी वाहनों के राजस्थान रजिस्ट्रेशन पर अब 50% टैक्स छूट मिलेगी। सभी ऋणों पर स्टैंप ड्यूटी घटाकर 0.125% और रजिस्ट्रेशन शुल्क 0.5% कर दिया गया है। भारी मालवाहक वाहनों के लिए वन-टाइम टैक्स विकल्प दिया जाएगा, जबकि पुराने वाहनों पर ग्रीन टैक्स दरें संशोधित होंगी।

**घर बैठे जमीन रजिस्ट्रेशन और डिजिटल सुधार**-ई-रजिस्ट्रेशन से अब जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री घर बैठे होगी। प्रदेश के सभी 106 उप-पंजीयन कार्यालयों को मॉडल कार्यालय बनाया जाएगा और अपीलों का निस्तारण 60 दिन में अनिवार्य होगा। इससे भ्रष्टाचार और देरी कम करने का लक्ष्य है।

**सरकारी कर्मचारियों को क्या मिला**-सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए 'सैलरी अकाउंट पैकेज' की घोषणा की गई है, जिसमें डिजिटल बैंकिंग, सस्ती दरों पर लोन और बीमा सुविधाएं शामिल होंगी। यह सुविधा 70 वर्ष तक के पेंशनर्स को भी मिलेगी। इसके अलावा आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू करने के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाने का भी एलान किया गया है। अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग देकर प्रशासनिक क्षमता बढ़ाने की योजना भी बनाई गई है। साइबर अपराध और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने के लिए आर4सी सेंटर स्थापित किया जाएगा, जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

# सरकार ने भारत माता को बेच दिया : राहुल

## सीतारमण का जवाब- भारत को कांग्रेस ने बेचा, किसानों के हक से सौदा किया





नई दिल्ली।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को बजट पर बोलते हुए कहा कि सरकार ने इंडिया-स् ट्रेड डील के जरिए भारत माता को बेच दिया है। यह पूरी तरह सरेंडर है। अब अमेरिका तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे। हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे। राहुल के आरोपों के जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- कांग्रेसी कहते हैं कि मोदी ने सरेंडर कर दिया। मैं बताती हूं कि भारत को किसने बेचा। इसे कांग्रेस ने बेचा। बाली में जाकर सौदा करके आए थे। ट्रेड फेलिसिटेशन पर साइन करके आ गए थे। भारत के फायदे के लिए उसमें कुछ नहीं थी। उन्होंने कहा कि किसानों के हक से समझौता करने वाली कांग्रेस है। मोदी ने 2014 में डब्ल्यूटीओ में जाकर इसे सुधारा। ये गरीबों को राशन दे नहीं पा रहे थे और ये मोदी जी पर आरोप लगा रहे हैं।

### सीतारमण बोलीं- बंगाल में पेट्रोल दिल्ली से 10 ज्यादा महंगा

वित्त मंत्री ने टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के त्रस्ञ्ज को लेकर आरोपों पर कहा- अभिषेक ने कहा कि जन्म से लेकर मरने तक लोग त्रस्ञ्ज दे रहे हैं। वह ये बातें कहां से ला रहे हैं। दूध के ऊपर कब जीएसटी लगा, पढ़ाई पर कब लगा? पीछे बैठे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि वहां कट मनी लगती है, इसे सीतारमण ने भी दोहराया। सीतारमण ने कहा- आप बंगाल में स्टेट जीएसटी हटा सकते हैं, पर ऐसा क्यों नहीं कर रहे? पैसा भी चाहते हैं और बदनाम भी कर रहे हैं। आप अगर बंगाल में लोगों पर बोझ कम करना चाहते हैं तो वहां पेट्रोल के दाम दिल्ली से 10 रुपए ज्यादा है, उसे कम कर दीजिए।

### राहुल गांधी बोले- अडाणी पर केस मोदी पर दबाव बनाने के लिए

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बजट पर चर्चा के दौरान एपस्टीन फाइल्स और अडाणी पर अमेरिका में चल रहे केस का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अडाणी पर चल रहा केस, दरअसल मोदी पर दबाव बनाने का तरीका है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल को टोकते हुए कहा- आपने जो भी कहा है साबित करिए। इस पर कांग्रेस नेता ने जवाब दिया- अभी देता हूं। तुरंत सारे सबूत देता हूं।

हालांकि, स्पीकर ने राहुल को टोक दिया। वहीं, किरेन रिजिजू ने बाद में कहा कि हम राहुल गांधी के खिलाफ संसद में विशेषाधिकार का नोटिस पेश करेंगे।

### निर्मला सीतारमण बोलीं-कांग्रेस के लोगों को मेरा जवाब सुनने की क्षमता रखनी चाहिए

निर्मला सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के लोगों को मेरा जवाब सुनने की क्षमता रखनी चाहिए। ये कहते हैं कि मोदी ने सरेंडर कर दिया। मैं बताती हूं कि भारत को किसने बेचा। इसे कांग्रेस ने बेचा। बाली में जाकर सौदा करके आए थे। ट्रेड फेलिसिटेशन पर साइन करके आ गए थे। और भारत के फायदे के लिए उसमें कुछ नहीं थी। किसानों के हक से समझौता करने वाली कांग्रेस है। मोदी ने 2014 में डब्ल्यूटीओ में जाकर इसे सुधारा। ये गरीबों को राशन दे नहीं पा रहे थे और ये मोदी जी पर आरोप लगा रहे हैं। इनको इसका कोई अधिकार नहीं है।

### निर्मला सीतारमण बोलीं- राहुल को संसद में बजट सही से पढ़ के आना चाहिए

निर्मला सीतारमण ने कहा कि राहुल गांधी के आरोप गलत। डेटा को लेकर उनको जानकारी नहीं है। इनको बजट सही से पढ़ के आना चाहिए। ये यहां आकर गलत डेटा देते हैं। महंगाई पूरी तरह कंट्रोल है।

# राजस्थान-शादी से लौट रहे दोस्तों की कार टकराई, 6 मौत

## अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार किया, जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट

**दौसा।** राजस्थान के दौसा में भीषण सड़क हादसे में 6 दोस्तों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ये शादी-समारोह से घर लौट रहे थे।ओवरस्पीड कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी ओर से निकल रहे ट्रेलर में घुस गई। हादसा बीती देर रात करीब 11 बजे जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर कैलाई गांव के पास हुआ।

### कार को क्रेन से खींचकर बाहर निकाला

ट्रेलर में घुसी कार को क्रेन से अलग किया गया। इसके बाद कार में फंसे युवकों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। सिकंदरा अस्पताल में 4 युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, 2 गंभीर घायलों को दौसा जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक युवक ने दौसा में दम तोड़ दिया। जबकि एक युवक की इलाज के दौरान जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में मौत हो गई।

### सभी युवक एक ही गांव के रहने वाले

हादसे में समय सिंह (25) पुत्र राम सिंह योगी, लोकेश (24) पुत्र गोवर्धन योगी, दिलखुश (24) पुत्र बनवारी योगी, मनीष (23) पुत्र हरिमोहन योगी, अंकित (26) पुत्र



लालाराम बैरवा और नवीन (23) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कार सवार सभी कालाखो (दौसा) गांव के रहने वाले हैं।

॥ शोक-सन्देश ॥



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीया **श्रीमती भगवती देवी शर्मा** का हृदयघात होने से दिनांक 07.02.2026 को आकस्मिक निधन हो गया है।

जिनकी नियमित शोक सभा बैठक हमारे निवास स्थान "दाता निवास" मण्डावा में दिनांक 17.02.2026 तक रहेगी।

शोकाकुल :- श्री राम शर्मा (पति), डॉ. राधारमण शर्मा-सुमन शर्मा (पुत्र-पुत्रवधू), डॉ. शुभम शर्मा-डॉ. सुप्रिया शर्मा (पौत्र-पौत्रवधू), कार्तिकेय (पड़ पौत्र), मंजु, अनिल जी-, दीक्षित (पुत्री-पुत्रीदामाद), हिमांशी-राहुल जी, शुभांशी-आशीष जी (पौत्री-पौत्रीदामाद) एवं समस्त दण्ड परिवार, मो.- 9414541751

# सरकार ने विकास से दूर जाकर बजट पेश किया : मनोज मेघवाल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान की विधानसभा में वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किए गए बजट पर विधायक मनोज मेघवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि आंकड़ों के माया जाल के जरिये राजस्थान सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ राजनीतिक रूप से भेदभाव किया है। शिक्षा और चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण और मूलभूत बिन्दुओं की उपेक्षा की गई है। पूरे बजट में मात्र एक कॉलेज खोलने की बात की है जिससे पता चलता है कि सरकार की मंशा क्या है ? स्कूलों को क्रमोन्नत करने जैसे कार्य इस सरकार को पसंद ही नहीं है। इसी प्रकार पूरे प्रदेश में 7-8 जीएसएस स्वीकृत करके उर्जा क्षेत्र की भी उपेक्षा की है। पिछली बार के स्टेट हाईवेज के बारे में इस बार के बजट में चर्चा तक नहीं की गई हैए, पैसे का प्रावधान तो दूर की बात। अधिकारियों ने आंकड़ों में हेरा फेरी करके नए बजट बनाकर पेश कर दिया और एतिहासिक घाटे का बजट पेश कर दिया। इस प्रकार का राजकोषीय घाटा मिस मैनेजमेंट को दर्शाता है। सरकार खुद कर्जे में है और जनता को कर्ज में डूबोना चाहती है।

# बजट 2026-27 विकसित राजस्थान का रोडमैप : राठौड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजस्थान बजट 2026-27 को विकसित और आत्मनिर्भर राजस्थान की दिशा में सशक्त कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट आमजन, किसान, युवा, महिला और उद्योग जगत की अपेक्षाओं पर खरा उतरता है। राठौड़ ने कहा कि बजट में आधारभूत ढांचे, ग्रामीण विकास, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। 42 हजार किलोमीटर सड़कों के निर्माण, जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक कॉरिडोर के लिए 600 करोड़ रुपए, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 10 लाख रुपए तक ब्याज मुक्त ऋण सहायता, ग्रामीण महिला बीपीओ, पारदर्शी भर्ती परीक्षाओं के लिए राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना और 50 हजार सोलर पंप लगाने जैसी घोषणाएं स्वागतयोग्य हैं। उन्होंने कहा कि बजट में वित्तीय अनुशासन के साथ विकास और जनकल्याण का संतुलन रखा गया है, जो प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# भद्रा और चंद्र ग्रहण का योग

## होली पर रहेगी भद्रा भूलोक और सिंह राशि में 3 मार्च को शाम 6 बजे बाद दिखेगा ब्लड मून

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इस वर्ष होली पर्व पर भद्रा और खग्रास चंद्र ग्रहण का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसको लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति है। 2 मार्च की रात होलिका दहन किया जाएगा, जबकि अगले दिन 3 मार्च को धुलंडी के दिन खग्रास चंद्र ग्रहण रहेगा। ग्रहण से 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाएगा, जिसमें शुभ कार्य और मंदिर दर्शन वर्जित माने जाते हैं। सूतक काल के दौरान आमतौर पर शुभ कार्यों पर रोक मानी जाती है। पंडित राजेश शर्मा के अनुसार 2 मार्च को शाम 5:55 बजे भद्रा काल प्रारंभ होगा, जो 3 मार्च सुबह 4:28 बजे तक रहेगा। इस वर्ष भद्रा भूलोक में और सिंह राशि में मानी जा रही है, इसलिए प्रदोष काल में होलिका पूजन और दहन शास्त्र सम्मत और श्रेष्ठ रहेगा। उन्होंने बताया कि फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका पूजन का विशेष महत्व होता है। भद्रा काल में दान-पुण्य भी किया जा सकता है। ग्रहण काल साधना के लिए विशेष फलदायी माना जाता है। इस दौरान इष्ट देव या गुरु मंत्र की माला जाप करने से मंत्र सिद्धि का लाभ मिलता है। पंडित शर्मा के अनुसार भद्रा हिंदू पंचांग में वर्णित एक विशेष अशुभ काल है। इसे विष्टिकरण भी कहा जाता है। जब पंचांग में भद्रा लगती है, तब इसे शुभ कार्यों के लिए वर्जित माना जाता है। भद्रा चंद्रमा की विशेष स्थिति में लगने वाला समय होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भद्रा शनिदेव की बहन मानी जाती हैं और इसका स्वभाव उग्र बताया गया है। शुक्ल या कृष्ण पक्ष की कुछ तिथियों में भद्रा का समय कभी दिन में, कभी रात में पड़ता है। दिन की भद्रा अधिक अशुभ मानी जाती है, जबकि रात की भद्रा कुछ कार्यों में दोषपूर्ण नहीं मानी जाती। पुराणों में उल्लेख है कि भद्रा जब पृथ्वी पर होती है, तब शुभ कार्यों में बाधा आती है। पंचांग देखकर भद्रा काल से बचने की परंपरा रही है। शर्मा के अनुसार धुलंडी के दिन 3 मार्च को खग्रास चंद्र ग्रहण दोपहर 3:19 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। यह उदित चंद्र ग्रहण होगा, जिसमें लगभग 17 मिनट तक पूर्ण खग्रास स्थिति बनी रहेगी। इस दौरान शाम 6 बजे बाद चंद्रमा लाल रंग का दिखेगा। खगोलीय भाषा में इसे ब्लड मून कहा जाता है।

# घुमन्तु समुदाय के पहचान पत्र शिविरों की अवधि 15 तक बढ़ाई

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा ने बताया कि घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों को विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु पहचान पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज जारी करने के उद्देश्य से जिले में 12 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित शिविरों की प्रगति अपेक्षानुसार नहीं पाई गई। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए तथा अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से शिविरों की आयोजन अवधि में 15 दिवस की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया गया है। अब ये शिविर 15 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। संबंधित उपखण्ड अधिकारी, जो कि शिविर प्रभारी अधिकारी होंगे, द्वारा घुमन्तु समुदाय बाहुल्य क्षेत्रों एवं बस्तियों में शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही शिविरों के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, घुमन्तु समुदाय के प्रमुख संगठनों एवं समुदाय के व्यक्तियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए हैं कि घुमन्तु समुदाय के पात्र व्यक्तियों को विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु पहचान पत्र जारी करने की कार्यवाही परिपूर्णता के लक्ष्य के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जाए।

## बैठक 14 को

**सीकर ( नवयत्न )।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाना प्रस्तावित है। अंतिम प्रकाशन के संबंध में आवश्यक चर्चा किए जाने तथा मतदाता सूचियों की प्रतियां उपलब्ध करवाए जाने के लिए 14 फरवरी को प्रात: 11 बजे बैठक आयोजित की जाएगी।

# बजट 2026-27 : झुंझुनू को मिली विरासत, विकास और भविष्य की उड़ान : अग्रवाल

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान बजट 2026-27 में इस बार शेखावाटी अंचल खास तौर पर सरकार के फोकस में रहा। झुंझुनू जिले को पर्यटन, एयर कनेक्टिविटी, जल, सोलर ऊर्जा और रोजगार के क्षेत्र में कई अहम सौगातें दी गई हैं, जिससे आने वाले वर्षों में जिले की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने की उम्मीद है।

### झुंझुनू के लिए एयरपोर्ट की दिशा में पहला कदम

बजट में सीकर, झुंझुनू और भरतपुर-डीग क्षेत्र में नए एयरपोर्ट के लिए फिजिबिलिटी स्टडी शुरू करने की घोषणा की गई है। यह शेखावाटी क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है क्योंकि अब तक झुंझुनू को हवाई नक्शे पर जगह नहीं मिल पाई थी।

### वीरों की भूमि झुंझुनू में बनेगा वॉर म्यूजियम

देश की सेना को सबसे अधिक जवान देने वाले क्षेत्रों में शामिल झुंझुनू को सम्मान देते हुए यहाँ मिलिट्री/वार म्यूजियम बनाए जाने की घोषणा की गई है। यह म्यूजियम न केवल आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करेगा बल्कि पर्यटन को भी नई दिशा देगा।

### 60 से ज्यादा हवेलियों का कायाकल्प

शेखावाटी की पहचान मानी जाने वाली हवेलियों को नया जीवन देने के लिए झुंझुनू, सीकर और चूरू की 60 से अधिक हवेलियों का बाहरी सौंदर्यकरण किया जाएगा। अगले दो वर्षों में इस पर 200 करोड़ खर्च होंगे।

### यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज की दौड़ में शेखावाटी

सरकार का लक्ष्य शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट का दर्जा दिलाना है। इससे झुंझुनू अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर उभरेगा।

### गांवों में बढ़ेगा होम-स्टे, मिलेगा स्थानीय रोजगार

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए झुंझुनू जिले में होम-स्टे योजना को प्रोत्साहन दिया जाएगा। होम-स्टे संचालकों को ब्याज अनुदान और हॉस्पिटैलिटी ट्रेनिंग मिलेगी, जिससे युवाओं और ग्रामीण परिवारों को सीधे रोजगार मिलेगा।

### यमुना जल परियोजना से झुंझुनू को राहत की उम्मीद

शेखावाटी क्षेत्र के लिए बहुप्रतीक्षित यमुना जल परियोजना पर काम तेज होगा। हथनीकुंड बैराज से पानी लाने की 32 हजार करोड़ की मेगा योजना को गति दी गई है, जिससे झुंझुनू के जल संकट को दीर्घकालिक समाधान मिलने की उम्मीद है।

### सोलर पंप से किसानों को संबल

प्रदेश में 50 हजार नए सोलर पंप लगाने का फैसला लिया गया है। इस पर 1500 करोड़ खर्च होंगे। सूखा प्रभावित झुंझुनू जिले के किसानों के लिए यह बड़ी राहत साबित होगी।

### महिलाओं के लिए रोजगार का नया रास्ता

हर जिले में ग्रामीण महिला बीपीओ स्थापित करने की योजना के तहत झुंझुनू की महिलाओं को घर के पास डिजिटल रोजगार मिलेगा। लखपति दीदी योजना में लोन सीमा बढ़ाकर 1.5 लाख कर दी गई है।

### सड़क, शिक्षा और युवाओं पर भी फोकस

जिले को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए सड़क परियोजनाओं का विस्तार। युवाओं को 10 लाख तक ब्याज-मुक्त स्वरोजगार ऋण। 10वीं-12वीं के मेधावी छात्रों को 20000 ई-वाउचर।

### इनका कहना है



राजस्थान बजट 2026-27 में झुंझुनू को विरासत संरक्षण, पर्यटन, जल, ऊर्जा और रोजगार का संतुलित पैकेज मिला है। यह बजट शेखावाटी को अतीत की शान के साथ भविष्य का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

**सीए लोकेश अग्रवाल**
**सचिव भारतीय चार्टर्ड लेखाकार संस्थान झुंझुनू, आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक भाजपा**

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने देखा राज्य बजट का लाइव प्रसारण

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राज्य का बजट बुधवार को विधानसभा में पेश किया। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बजट का लाईव प्रसारण देखा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य के बजट को विकसित राजस्थान का बजट बताया। कहा कि राजस्थान को विकसित करने के लिए बजट के करोड़ों की राशि का प्रावधान किया गया है। किसानों, युवाओं, उद्यमियों, सड़कों आदि को ध्यान में रखकर वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट पेश किया है।



### बजट पर प्रतिक्रियाएं

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार में वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान के बजट में किसानों व युवाओं का विशेष ध्यान रखा है। किसानों के लिए 10 हजार 900 करोड़ की योजना, पीने के पानी के लिए नए हैंडपंप, ट्यूबवैल बनाने की घोषणा की है। पर्याप्त बिजली के लिए अतिरिक्त पावर ग्रिड बनाये जाएंगे। शहरों में सात लाख स्ट्रीट लाईट लगेगी। एक लाख युवाओं को रोजगार के लिए 10 लाख तक का बिना ब्याज का लोन दिया जाएगा। बजट ने सिद्ध किया है कि भाजपा सरकार युवाओं, किसानों व आमजन के साथ है।

**मनोज बाटड़, जिलाध्यक्ष, भाजपा**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है। बजट में वंचित, शोषित, पीड़ित, किसान, महिला, युवाओं व उद्यमियों, चिकित्सा के क्षेत्र में शानदार बजट दिया है। बजट से राजस्थान देश में प्रथम पायदान की श्रेणी में पहुंचेगा। इससे अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी होगी। नई सड़कें, आरओबी, पूलिया, अटल पथ आदि बनेंगे।

**नेमीचन्द कुमावत, जिला उपाध्यक्ष,**

भाजपा वित्त मंत्री दिया कुमारी ने तीसरे बजट में विकास की घोषणाएं की है। 600 नए ट्यूबवैल, 1200 नए हैंडपंप, 6245 नए गांवों तक पीने का पानी पहुंचाने की घोषणा की है। 14 लाख नए जल के कनेक्शन दिए जाएंगे। नए जीएसएस बनाने से नई औद्योगिक क्रान्ति आएगी। 1 लाख से अधिक युवाओं को बिना ब्याज का ऋण दिया जाएगा जिससे युवा रोजगार लेने के लिए नहीं बल्की रोजगार देने वाले बनेंगे।

**श्रीहरि बियाणी, जिला कोषाध्यक्ष, भाजपा**

राजस्थान सरकार के बजट में विकास को ध्यान में रखा है। युवा, किसान, महिला, आमजन सहित सभी वर्ग को विकास के पायदान पर पहुंचने का अवसर मिलेगा। बजट से युवाओं रोजगार मिलेगा, किसानों की खेती बढ़ेगी, बिजली मिलेगी, गांवों व शहरों का विकास होगा।

**राजेश रोलन**
**जिला महामंत्री, भाजपा**

राजस्थान सरकार के विकसित बजट से सिद्ध होता है कि सरकार हमेशा विकासोन्मुखी बजट पेश करती है। इस बजट में सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए नई सड़कें, आरओबी, पुलिया बनाए जाएंगे। किसानों को पानी व बिजली के लिए अतिरिक्त राशि का प्रावधान किया है।

**जितेंद्र माथुर, जिला मीडिया संयोजक, भाजपा**

# बजट प्रदेश की जनता को गुमराह करने वाला प्रतीत हो रहा है : डूडी

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के बजट 2026-2027 में योजनाएं विस्तृत और आकर्षक प्रतित हो रही हैं, परन्तु प्राथमिकताएं स्पष्ट नहीं होने से संसाधनों का बिखराव और योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यवहारिक समस्याएं आना तय हैं। इंफ्रास्टकचर पर एक बड़ा पूँजीगत व्यय प्रस्तावित है लेकिन इसके बदले रोजगार, आय वृद्धि और गरीबी में कितनी कमी होगी, यह तस्वीर इस बजट में साफ नहीं है। बजट में कृषि, पानी और ग्रीन बजट पर जोर देने का दिखावा किया गया है परन्तु जलवायु परिवर्तन, जल-संकट और किसानों की आय बढ़ाने के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये। कई बजट घोषणाएं तो विगत बजट घोषणाओं का विस्तार प्रतीत होती हैं जिनका वास्तविक परिणाम (रोजगार, सीखने के नतीजे, स्वास्थ्य सूचकांक) का सख्त मुल्यांकन इस बजट भाषण में सुनने को नहीं मिला है। राजकोषीय अनुशासन के लिये फिक्सल रेस्पोंसिबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट का उल्लेख तो है परन्तु इतने बड़े पूंजीगत व्यय और सब्सिडी प्रतिबद्धताओं के बिच मध्यावधि ऋण स्थिरता पर विचार इस बजट में नहीं किया गया है। उक्त बजट प्रदेश के गरीब, मजदुर, किसान, बेरोजगार के हितों की उपेक्षा के साथ ही प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के लिये निराशाजनक रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को लेकर इस बजट में सरकार ने कोई ठोस प्लान तैयार नहीं किया है। कुल मिलाकर यह बजट प्रदेश की जनता को गुमराह करने वाला प्रतित हो रहा है।

# बजट में नोखा में थोक सब्जी मंडी स्वीकृत

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 में नोखा में थोक सब्जी मंडी स्वीकृत की गई है। यह जानकारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने दी। बिहारीलाल बिश्नोई ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र के किसान, व्यापारी और जनप्रतिनिधि नोखा में थोक सब्जी मंडी स्थापित करने की मांग कर रहे थे। बजट में इस लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए नोखा में थोक सब्जी मंडी की घोषणा की गई है। नोखा में थोक सब्जी मंडी खुलने से आसपास के सब्जी उत्पादक हजारों किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। बिहारीलाल बिश्नोई ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया। नोखा में थोक सब्जी मंडी स्वीकृत होने पर सब्जी मंडी के थोक विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई का आभार जताया।

# अचानक बड़ी संख्या में वर्दीधारी जवान व वाहन आए नजर, लोगों में बना कौतूहल का विषय

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में बुधवार को उस समय कौतूहल का माहौल बन गया जब सड़कों पर अचानक बड़ी संख्या में वर्दीधारी जवान और साईरन बजाते वाहन नजर आए। आम लोगों के मन में यही सवाल उठने लगा कि कहीं कोई बड़ी घटना तो नहीं हो गई, दरअसल, यह कोई वास्तविक घटना नहीं बल्कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार रेपिड एक्सन फोर्स का आपदा एवं परिचय अभ्यास था।

जयपुर में तैनात रेपिड एक्सन फोर्स की 83 बटालियन, कमाण्डेंट कुलदीप कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं सहायक कमाण्डेंट जयसिंह के नेतृत्व में 10 से 14 फरवरी तक जिले के सभी पुलिस थानों में परिचय अभ्यास के लिए पहुंची है। जानकारी के अनुसार इस अभ्यास का उद्देश्य भविष्य में किसी भी आपात स्थिति, साम्प्रदायिक तनाव, दंगा अथवा प्राकृतिक आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में सूरजगढ़ थाना क्षेत्र में रेपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की एक टुकड़ी ने थाना प्रभारी दौलतराम के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त रूप से परिचय अभ्यास किया।



# केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा का श्रमिक संवाद



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** केंद्रीय बजट के प्रचार-प्रसार हेतु भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा श्रमिक संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमावत ने आदि ने संबोधित किया। कहा कि केंद्रीय बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है। इसे सर्वाधिक प्रचारित किया जाए। इस अवसर पर पूर्व विधायक रतन जलधारी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री रामेश्वर गुर्जर, मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेश सैनी, जयपुर शहर मोर्चा जिला अध्यक्ष चेतन कुमावत, श्रवण सोनी, मॉनिटरिंग टीम सदस्य विजेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बेहलीम बने कुरैशी महासभा राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में मोहम्मद शरीफ बहलीम कुरैशी को राजस्थान प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी कुरैशी महासभा संस्थान, राजस्थान द्वारा मोहम्मद शरीफबहलीम कुरैशी पुत्र अब्दुल गफुर बहलीम कुरैशी, को संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी में राजलदेसर तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश नेतृत्व द्वारा उनके सामाजिक कार्यों, सक्रिय भागीदारी एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए की गई है। नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष मोहम्मद शरीफबहलीम कुरैशी ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के हितए शिक्षा, एकता एवं विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। समाज के गणमान्य लोगों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं।

# बजट 2026 से प्रदेश पर कर्ज बढ़ेगा : जैन



**जयपुर ( नवयत्न )।** शिवसेना राजस्थान के प्रदेश प्रमुख पदम जैन ने भजनलाल सरकार के तीसरे बजट को श्जनता पर कर्ज बढ़ाने वाला बजट करार दिया है। प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास के नाम पर भविष्य की योजनाएं दिखा रही है, जबकि पूर्व बजट की कई घोषणाएं धरातल पर लागू नहीं हो सकीं। जैन ने कहा कि आमजन, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग, महंगाई व करों के बोझ से परेशान है। पर्यावरण संरक्षण के दावों के बावजूद अवैध खनन जारी है। उन्होंने आशंका जताई कि प्रदेश पर कर्ज और बढ़ेगा तथा सरकार को समय रहते जनहित में कदम उठाने की चेतावनी दी।

# विराट हिन्दू धर्म सम्मेलन आयोजित

## 11 स्थानों से महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** कस्बे में बुधवार को विराट हिंदू धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने कस्बे के 11 अलग-अलग स्थानों से कलश यात्रा के साथ धर्म सम्मेलन में पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य थे जबकि अध्यक्षता प्रशांतानंद महाराज ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने महापुरुषों की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अवधेशाचार्य महाराज ने कहा कि महापुरुषों ने सनातन धर्म से विश्व में परचम लहराया गया था। हमारे देश के ऋषि- मुनियों के ज्ञान और उनकी मेहनत से भारत की एक अलग पहचान बन पाई थी। भारत के विज्ञान पद्धति को उस समय बहुत महत्वपूर्ण माना जाता था, जिस समय टेक्नोलॉजी का काफी अभाव था। धर्म को लेकर देशवासियों को आस्था रखनी चाहिए और अपने धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने बड़ा संघर्ष कर हमेशा सत्य का साथ दिया, जिसकी वजह से उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भी कहा गया था। बुराई को खत्म करने के लिए उन्होंने सत्य की राह पर चलकर देशवासियों को बड़ा संदेश दिया था। प्रत्येक व्यक्ति को उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। हमारे देश के महापुरुषों ने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार को लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किया था। स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भाषण देकर सनातन धर्म का परचम लहराया था। प्रत्येक व्यक्ति को हमारे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने चाहिए। यह कार्यक्रम सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस मौके पर अशोक सिंह शेखावत, एडवोकेट संजय सुरोलिया, निखिल शर्मा, नगेंद्र सिंह सोढ़ा, सोनू अग्रवाल, दिनेश कुमार, गजेन्द्र सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# गुर्जर का समाजबन्धुओं ने किया स्वागत



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सेवानिवृत एडीएम रामसुख गुर्जर का स्थानीय भारत माता चौक स्थित देवनारायण मंदिर में अभिनंदन किया गया। श्री देवनारायण भगवान मंदिर समिति ट्रस्ट सुजानगढ़ के अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में समाज बन्धुओं ने दुपट्टा पहनाकर व साफा पहनाकर तथा कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा प्रदान कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर रामसुख गुर्जर ने कहा कि समाज शिक्षित होकर ही विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है। इसलिए उच्च शिक्षा की तरफ अपने बच्चों को अग्रसर करें। इस दौरान बंशीलाल गुर्जर, गोविंद कसाना, लालचंद पोसवाल, मनसुख खटाना, दौलत भाटी, ओमप्रकाश चौहान, चेनरुप लीलू, अजय सिराधना, रामनिवास गुर्जर, राजकुमार छावड़ी, रामलाल गुर्जर, मनोज बोकन, हेमंत सिराधना, जगदीश गुर्जर, जगदीश प्रसाद ठरडा सहित अनेक समाजबन्धु मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवतकथा में उमड़ी महिला श्रद्धालुओं की भीड़



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दुलिया बास स्थित बृज धाम श्रीराधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में गौ ऋषि चंद्रमादास महाराज पालवास, बजरंग पुरी महाराज लाडनूं, भैरदास महाराज सहित संतों के सानिध्य में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। व्यास पीठ पर विराजमान दशनाम सन्यास आश्रम गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में मोक्ष, ज्ञान और भक्ति का सर्वोच्च साधन श्रीमद्भागवत कथा है। महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए जीवन में दान, दया, सेवा, परोपकार व परमार्थ पर जोर देने का आग्रह किया। किशोर दास स्वामी ने बताया कि भागवत कथा में सीकर पालवास के गौ ऋषि चंद्रमा दास महाराज ने गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए गौ माता की रक्षा, सुरक्षा, सेवा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में बजरंग पुरी महाराज लाडनूं, भैर दास महाराज, भोल दास स्वामी, करणी सिंह शेखावत, मांगीलाल खिलेरी, घीसूलाल बागड़ा, भंवरलाल सरस्वा, रामधन सरस्वा, हीरालाल सरस्वा, भैरदास स्वामी, कुंदनमल माली, बजरंग लाल स्वामी, भंवरलाल माली, अनिल माटोलिया, श्याम शर्मा, रूपचंद स्वामी, सुरेंद्र प्रजापत, धनेश स्वामी, रामोतार, निरंजन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# रिदम ऑफ यूथ 2026 का समापन



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जेजेटी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव रिदम ऑफ यूथ 2026 का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित मिस्टर – मिस रिदम ऑफ यूथ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रैम्प वॉक, टैलेंट राउंड एवं प्रश्नोत्तर चरण के माध्यम से आत्मविश्वास, व्यक्तित्व, प्रतिभा एवं बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल प्रदीप दहिया थे जिन्होंने पूरे कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल के युग में विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को तरासने के लिए इस प्रकार के मंच प्रदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी में कला सीखने का जुनून होना चाहिए ताकि वह अपने हुनर से देश और दुनिया में अपना नाम कर सके।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह एवं राजीव तिलोटिया थे। इस अवसर पर हरियाणा से आए मुकेश फौजी, गरिमा, मुकेश डुलगच एवं डॉ रमनिवास सोनी ने शानदार देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए डॉ अरुण कुमार ने बताया कि मिस्टर रिदम ऑफ यूथ 2026 का खिताब जेजेटी यूनिवर्सिटी के कार्तिक राठौड़ ने अपने नाम किया। वहीं मिस रिदम ऑफ यूथ 2026 का खिताब गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, चूरू की दीपांशी यादव ने प्राप्त किया। इसके साथ ही महोत्सव की ओवरऑल विनर ट्रॉफी पर जेजेटी यूनिवर्सिटी ने कब्जा जमाया जबकि रनर-अप ट्रॉफी राजस्थान यूनिवर्सिटी, जयपुर को प्रदान की गई। पूर्व में मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आरती पवार ने किया। इस अवसर पर इंजीनियर बीके टीबड़ेवाला, प्रेमलता टीबड़ेवाला, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता, डॉ इकराम कुरैशी, खेल निदेशक डॉ अरुण कुमार, डॉ डॉ अनिल कड़वासरा, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ रामनिवास सोनी, डॉ धर्मेन्द्र कुमार, डॉ धनेश कुमार मीणा, डॉ अनन्ता शांडिल्य, डॉ नाजिया हुसैन, डॉ वीडी गुप्ता, कपिल जानू उपस्थित रहे।

# 11 गाइड राज्य पुरस्कार से आज होंगे सम्मानित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** स्थानीय संघ अजीतगढ़ की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानगढ़ के 11 गाइड 10-11 फरवरी से राज्यस्तरीय पुरस्कारों हेतु चल रही तैयारियों एवं परेड में लगे हुए थे जिन्हें आज गुरुवार को राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े राज्य पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। जानकारी देते हुए स्थानीय संघ अजीतगढ़ के सचिव रामावतार शर्मा ने बताया कि समस्त स्थानीय संघ अजीतगढ़ के पदाधिकारियों ने गाइड्स को अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी हैं।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानगढ़ की प्रधानाचार्य मधु शर्मा ने बताया कि पुरस्कृत होने वाले गाइड में कनक रावत, ज्योति कंवर, अक्षिता शेखावत, गुनगुन कंवर, प्रिया सैनी, पलक कंवर, खुशी कंवर, पिंकी कंवर, नेहा सैनी, निहारिका कंवर एवं वर्षा कंवर शामिल है।

# जंगली जानवर का आतंक

## एक रात में दो जगह बाड़े में बंधी बकरियों का किया शिकार



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे में इन दिनों जंगली जानवर का आतंक बना हुआ है। देर रात को भी जंगली जानवर ने कस्बे के दो स्थानों पर बाड़े में बंधी बकरियों का शिकार कर लिया। आए दिन होने वाली घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार वार्ड 16 निवासी सुभाष ने अपने मकान के पास बने बाड़े में बकरी बांध रखी थी। किसी जंगली जानवर ने रात बाड़े में घुसकर बकरी का शिकार कर लिया। रात करीब 11 बजे बकरियों की तेज आवाजें आई तो उसे जाग हो गई। उसने हल्ला किया तो जंगली जानवर वहां से भाग गया। आवाज सुनकर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और रातभर पहरा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली जानवर आए दिन किसानों के मवेशियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रशासन से जंगली जानवरों को आबादी में आने से रोकने और पीड़ित किसान को मुआवजा देने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में सात घटनाएं हो चुकी है। राज्य सरकार ने खेतड़ी बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन तो बना दिया लेकिन कंजर्वेशन में जंगली जानवरों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। इसके अलावा कंजर्वेशन में जंगली जानवरों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने पर वह आए दिन आबादी क्षेत्र में आकर मवेशियों का शिकार कर रहे हैं। ग्रामीणों की ओर से जंगली जानवरों को कंजर्वेशन में रोकने के लिए कई बार वन विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है लेकिन वन विभाग की लापरवाही से आमजन दहशत के साए में रहने को मजबूर हैं। घटना की सूचना पर खेतड़ी सीआई मोहन लाल, पशु चिकित्सक अशोक जांगिड़, वन विभाग की टीम और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारियों ने मौके से पगमार्क उठाए। इस मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गोकुल चंद सैनी, पार्षद लीलाधर सैनी, सुभाष सैनी, त्रिवेणी सैनी, एएसआई प्रहलाद सिंह, पटवारी रेणू मीणा, पवन शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भाजपा जिला कार्यालय झुंझुनू में भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी की अध्यक्षता में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता और जनसंघ के संस्थापक परम श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गई। भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने सभी कार्यकर्ताओं को पंडितजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठन कर्ता थे। वह भारतीय जन संघ के अध्यक्ष भी रहे उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकुल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी वह एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत व सशक्त भारत चाहते थे। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने राजस्थान सरकार के द्वारा पेश किये गये बजट को सुना। कार्यक्रम में जिला महामंत्री वीरपाल सिंह शेखावत, योगेंद्र मिश्रा, दिलीप सैनी, जिला उपाध्यक्ष सुनील लांबा, भूपेंद्र सिंह शेखावत, अजय चाहर, महावीर ढाका, जिला प्रवक्ता हनुमान सिंह, संजय मोरवाल, राजकुमार मुंड, जिला मीडिया प्रभारी ललित जोशी, सोशल मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश शुक्ला, जिला मंत्री विनोद कुमावत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान, प्रकोष्ठ संयोजक जयप्रकाश सुरा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जय सिंह माठ, राजेंद्र चौधरी, सुमेर कड़वासरा, सुरेंद्र, महेंद्र, अनिल, मुकेश, शुभकरण, विनोद, कमलकांत शर्मा, कृष्ण कुमार, ताराचंद सैनी, जगदीश गोस्वामी, नरेंद्र आदि भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाई दुकानें

## एसडीएम को ज्ञापन देकर की अतिक्रमण हटाने की मांग

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के नानूवाली बावड़ी में मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण कर दुकानें बनाने का मामला सामने आया है। बुधवार को ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मंदिर की जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। जिला कलक्टर के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि खेतड़ी से सिंघाना जाने वाली सड़क के पास नानूवाली बावड़ी में 0.32 हेक्टेयर भूमि है, जो मंदिर श्री बृजनंद बिहारी के नाम से रिकॉर्ड में दर्ज हैं। मंदिर की भूमि पर चंदगीराम, ताराचंद, रामकरण गुर्जर निवासी ढाणी अधाणा नानूवाली बावड़ी ने अतिक्रमण कर दुकानों का निर्माण कार्य कर लिया। इसके अलावा दुकानों के पिछे टायल व ग्रेनाइट का गोदाम भी बना लिया। इसके अलावा वर्तमान में भी निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। घटना को लेकर मौके पर कानून व्यवस्था बिगड़ने का अंदेशा बना हुआ है। मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर पूर्व में भी प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया गया था लेकिन प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं करने से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस दौरान ग्रामीणों ने मंदिर की जमीन से जल्द अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों की ओर से आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर किशनलाल, रामवतार, राजू, महेश, राजेंद्र, विजय कुमार, राकेश कुमार, झीमा देवी, बसंती देवी, माखली देवी, शांति देवी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# विधायक श्रवण कुमार की अनुशंसा पर सूरजगढ़ को मिली नई सड़कों की सौगात

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान बजट 2026 में सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास की बड़ी घोषणा की गई है। क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी गई है जिन पर कुल 1 करोड़ 25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। ये स्वीकृतियां सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार की अनुशंसा पर हुई हैं। बजट प्रस्तुति के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने जाखोद से राठियों की ढाणी तक सड़क 2 किमी लागत 50 लाख रुपये। जाखोद से लोटिया रोड तक सड़क 3 किमी लागत 75 लाख रुपये स्वीकृत की। इन दोनों परियोजनाओं के पूरा होने से ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। किसानों, विद्यार्थियों और आमजन को आवागमन में राहत मिलेगी साथ ही स्थानीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। विधायक श्रवण कुमार ने बताया कि क्षेत्र के अन्य प्रस्तावित सड़क कार्यों को भी आगामी पूरक बजट में स्वीकृत कराने का प्रयास जारी है ताकि सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास पहुंचे। घोषणा के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। लोगों ने विधायक श्रवण कुमार का आभार जताते हुए इसे इलाके के लिए मील का पत्थर बताया।

# कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट्स लगाने की मांग

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने वार्ड नं. 31 में स्ट्रीट लाईट्स लगवाने के लिए नगरपरिषद एटीपी उदयसिंह को आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया गया है कि हमारी पंचायत समिति के पीछे स्थित कॉलोनी में स्ट्रीट लाईट्स नहीं होने के कारण आम लोगों को दिक्कतें होती हैं तथा दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। अतः कॉलोनी में विद्युत पोलों पर स्ट्रीट लाईट्स लगाकर कॉलोनी को रोशन किया जावे।

# तीन दिनों तक आयोजित होगा फाल्गुनी सतरंगी महोत्सव

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री श्याम गो सेवा मंडल की बैठक अध्यक्ष चैनरूप सोनी की अध्यक्षता में नया बास में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी फाल्गुनी सतरंगी महोत्सव 2026 को तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम बाड़ी, गोठड़ीवाल चौक में आयोजित होगा। महोत्सव के प्रथम दिवस प्राचीन श्याम मंदिर में स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों का संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। द्वितीय दिवस संत समागम के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें फतेहपुर के संत चिमाबाबा, मिरनधाम के संत मुक्तिनाथ महाराज, गाड़ोदा धाम के महावीर जति महाराज, सुजानगढ़ गुलर धाम के महंत स्वामी कानपुरी महाराज, सांगलिया धूणा के केशवदास महाराज भी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के आकर्षण अखंड ज्योत, बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी रहेगी। कलाकार महावीर सांखला नागौर द्वारा बाबा श्याम का गुणगान किया जाएगा। भागीरथ करवा ने बताया कि बैठक में नंदलाल चौहान, राकेश रिनवा, गोविंद सारस्वत, अंकित चौहान, कौशल सोनी, अजीत स्वामी, महेंद्र चोटिया, अजय अग्रवाल, गिरधारी स्वामी, अभिषेक चौहान, कुलदीप सैन, किशन सिंह राजपूत, बाबूलाल सैन, भागीरथ स्वामी, अरविंद स्वामी, हेमंत चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केटीएसएस श्रमिक संगठन ने हड़ताल को लेकर की मीटिंग



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** खेतड़ी ताम्बा श्रमिक संघ एटक द्वारा केन्द्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर गुरुवार को एक दिवसीय हड़ताल को लेकर बुधवार देर शाम को केसीसी प्रशासन भवन के सामने मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामसिंह शेखावत ने की। मीटिंग के दौरान गुरुवार को केन्द्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर कि जाने वाली हड़ताल को लेकर चर्चा की गई, जिसमें प्रत्येक पारी में दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन कर कार्य करने का निर्णय लिया साथ ही केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। केटीएसएस महामंत्री बिड़दूराम सैनी ने बताया कि केन्द्रीय श्रम संघों के इस हड़ताल का निर्णय सरकार द्वारा 4 श्रम संहिताओं को लागू करने का 21 नवम्बर 2025 को किए नोटिफिकेशन तथा श्रम शक्ति नीति 2025 की वजह से लेना पड़ा। जिसके चलते भारत का मजदूर वर्ग पिछले 100 वर्षों से संघर्ष कर जो हासिल किया है उन्हें कम तथा खत्म कर देगी, इनके द्वारा नियोजकों की जिम्मेदारी व सजाओं में भारी छूट दी गई है जबकि मजदूरों एवं यूनियनों के लिए जिम्मेदारी व सजाओं का कड़ा प्रावधान किया गया हैं। यूनियन बनाना, चलाना कठिन कर दिया है एवं बार्गनिंग पॉवर बहुत कमजोर कर दिया है। जांच व कार्यवाही के अधिकार को खत्म बराबर कर दिया, कानूनों की कवरेज से बड़ी संख्या में कामगारों को बाहर कर दिया। कारखाना की परिभाषा में कामगारों की संख्या 10 से 20 बिजली सहित तथा 20 से 40 बिना बिजली, छटनी बन्दी व स्थायी आदेशों में 100 से 300 कर दिया है। इस परिस्थिति व निर्णय के तहत खेतड़ी कॉपर कॉम्पलेक्स में स्थायी कामगारों व ठेका कामगारों, उद्योग व जिले की मांगों के लिए हड़ताल का नोटिस दिया गया था। ओमप्रकाश, घीसाराम मीणा, बाबूलाल सैनी, ओमप्रकाश लाम्बा, जगदीश मीणा, तेजाराम ने भी संबोधित किया। चार फरवरी क्षेत्रीय श्रम आयुक्त केंद्रीय जयपुर एवं नो फरवरी को उपमुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय अजमेर कैंप जयपुर में समझौता वार्ता हुई साथ ही एचसीएल के प्रबंधन के विचार विमर्श को देखते हुए बारह फरवरी गुरुवार को प्रत्येक पारी में दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। इस संबंध में केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता को ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर उम्मेद मीणा, विनय त्यागी, ख्याली राम, अनूप सोमरा, बाबूलाल छावड़ी, चांद मोहन, कुलदीप सक्सेना, सुमेर, मोतीलाल, हरिसिंह, घनश्याम दास, रमेश सैनी सहित मीटिंग में विभिन्न ठेका कंपनियों के मजदूरों ने भी भाग लिया।

# भाजपा नेताओं ने अर्पित की दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बुधवार को स्थानीय गांधी चौक में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में एकात्म मानववाद और अंत्योदय दर्शन के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मण्डल अध्यक्ष विनय माटोलिया की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के सामने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। मण्डल अध्यक्ष माटोलिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने संपूर्ण जीवन को राष्ट्रसेवा, संगठन निर्माण और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित किया। भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने कार्यकर्ताओं को उपाध्याय के विचारों को अपने जीवन में उतारकर उनके मार्गदर्शन के पथ पर अग्रसर रहने का आह्वान किया। इसी तरह महामंत्री प्रकाश भार्गव, बुद्धिप्रकाश सोनी, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, भंवरलाल बिजारणियां ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, रेंवतमल पवार, मनोज पारीक, प्रेम स्वामी, नरेंद्र प्रजापत, ललित गुर्जर, गोवर्धन तंवर, जगदीश नाथ, विकास सोनी, कृष्णकांत प्रजापत, राजकुमार वाल्मीकि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री गौरव इंदौरिया ने किया।

## सम्पादकीय

# अविश्वास का प्रस्ताव



लोकसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच का गतिरोध तो टूट गया और बजट पर चर्चा भी शुरू हो गई, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ जिस तरह अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल की, उससे यह स्पष्ट है कि दोनों पक्षों के रिश्ते और अधिक कटु होने वाले हैं। इसका असर संसद की कार्यवाही पर भी पड़ सकता है। फिलहाल कहना कठिन है कि इस अविश्वास प्रस्ताव का क्या हश्र होगा, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले विपक्ष ने राज्यसभा के तत्कालीन सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल की थी। आसार यही हैं कि जैसे वह अविश्वास प्रस्ताव कहीं नहीं पहुंच सका था, उसी तरह इस अविश्वास प्रस्ताव का भी कोई भविष्य नहीं।

लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव इसलिए लाया जा रहा है कि उन्होंने राहुल गांधी को सदन में बोलने का अवसर नहीं दिया। साफ है कि राहुल गांधी और उनके सहयोगी यह सिद्ध करना चाह रहे हैं कि नेता प्रतिपक्ष चीन के मामले में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे की पुस्तक के एक पत्रिका में छपे कथित अंशों के माध्यम से जो कुछ कहना चाह रहे हैं, वह इतना विस्फोटक और सनसनीखेज है कि मोदी सरकार संकट में पड़ जाएगी। यह एक तरह का दिवास्वप्न ही है, क्योंकि सब जानते हैं कि पिछले छह वर्षों में राहुल गांधी के ऐसे बयानों का कहीं कई असर नहीं हुआ। सच तो यह है कि उनके वे बयान भी असरहीन रहे, जिन्हें उन्होंने एटम बम वगैरह की संज्ञा दी थी।

चीन के मामले में राहुल गांधी एक तरह से गड़े मुर्दे उखाड़ने का काम कर रहे हैं। वे 2020 में गलवन में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच की झड़प के बाद की घटना पर जनरल नरवणे की जिस पुस्तक के बहाने यह बताना चाहते हैं कि प्रधानमंत्री चीनी सेना की आक्रामकता से डर गए थे, वह अब तक अप्रकाशित है। इसे प्रकाशक ने भी स्पष्ट कर दिया है और खुद जनरल नरवणे ने भी।

आखिर ऐसे में राहुल गांधी उनकी कौन सी पुस्तक दिखाते फिर रहे हैं? वे अपने पक्ष को कमजोर ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि यह भी रेखांकित कर रहे हैं कि एक पुराने मामले को बेवजह तूल दे रहे हैं। राहुल कुछ भी कहने की कोशिश करें, यह किसी से छिपा नहीं कि खुद जनरल नरवणे कई बार यह कह चुके हैं कि भारतीय सेना ने चीनी सेना को सबक सिखाया था। यह भी सब जानते हैं कि भारतीय सेना की मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई के कारण ही चीन वार्ता की मेज पर आया था और सीमा पर कई क्षेत्रों में यथास्थिति कायम हुई। यह साफ है कि राहुल गांधी को इससे कोई मतलब नहीं। उनका एक सूत्रीय एजेंडा राजनीतिक कलह बढ़ाना है। लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव इसी का परिचायक है।

## विशेष आलेख

# कृषि उपज के लिए बाजार को खोलना यानी बवंडर को निमंत्रण

इसमें दो राय नहीं है कि संयुक्त राज्य अमेरिका बरसों से भारतीय कृषि बाजार में बड़ी और व्यापक पहुंच हासिल करने की कोशिश में है। हाल ही में अमेरिका के साथ भारत ने महत्वपूर्ण व्यापार समझौता किया है। इसके तहत अमेरिकी बाजारों में भारतीय सामान 18 प्रतिशत के ही टैरिफ पर उपलब्ध हो सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय सामानों पर मनमाने तरीके से थोपे गए पचास प्रतिशत के टैरिफ के मुकाबले मौजूदा व्यापार समझौते के तहत अमेरिका की ओर से प्रस्तावित 18 प्रतिशत का टैरिफ कम ही कहा जाएगा। हालांकि अतीत के करीब तीन प्रतिशत के मुकाबले फिर भी यह बहुत ज्यादा है। बहरहाल इसी समझौते के मद्देनजर जिस तरह से अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रूक लेस्ली रोलिंग्स ने खुशी जताई, उससे भारतीय किसान आशंकित हो उठे।



भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा, जिससे अमेरिकी कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे ग्रामीण अमेरिका में नकदी आएगी। रोलिंग्स यहीं पर नहीं रूके। उन्होंने सिर्फ 2024 के आंकड़ों का हवाला देते हुए लिखा कि भारत के साथ कृषि कारोबार के चलते अमेरिका को 1.3 अरब डॉलर का घाटा हो रहा है। रोलिंग्स ने उम्मीद जताई कि नए व्यापार समझौते की वजह से विशाल आबादी वाला भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण बाजार हो सकता है।

रोलिंग्स की इस खुशी की वजह से भारतीय किसानों का आशंकित होना जायज है। अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा पचास अरब डॉलर है, इसलिए वह लगातार कोशिश करता रहा है कि भारत अपने कृषि बाजारों को खोले। भारत की चिंता की वजह उसकी खेती-किसानी वाली बड़ी जनसंख्या है। भारत के छियासी प्रतिशत किसान सीमांत या लघु हैं। जिनकी जोत दो हेक्टेयर से कम है। भारत में खेती पर करीब 10.7 करोड़ परिवार निर्भर हैं। यह जनसंख्या का करीब बासठ प्रतिशत है। अगर अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में घुसने की अनुमति मिलती है तो भारी सब्सिडी के चलते भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों से भर जाएंगे। इससे भारतीय उत्पादों की मांग घट सकती है। इससे भारतीय किसानों के सामने संकट उठ खड़ा हो सकता है।

किसानों की आशंकाओं को विपक्षी दलों ने अपने ऊंचे सुरों से और बढ़ाया ही है। लेकिन कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह का कहना है कि भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते में भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया गया है और किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। चौहान का यह भी कहना है कि इस कारोबारी समझौते से देश के मुख्य खाद्यान्नों, मिलेट्स, फलों,सब्जियों और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह अलग रखा गया है। इस लिहाज से देखें तो इस कारोबार समझौते से देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र पर किसी प्रकार का खतरा नहीं है। शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक, इस समझौते से भारतीय किसानों को नए अवसर मिलेंगे,क्योंकि इस समझौते में कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुंचाए, ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है। भारत अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों को चावल का बड़ा निर्यातक है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, भारत की ओर से अमेरिका समेत कई देशों को करीब 63 हजार करोड़ के चावल का निर्यात कर चुका है। भारत सरकार का दावा है कि नए टैरिफ समझौते से भारतीय किसानों के चावल और मसालों के साथ ही टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा।

भारत-अमेरिकी समझौते के तहत भारत को अमेरिका से पांच सौ अरब डॉलर का सामान पांच सालों में खरीदना है। वैसे समझौते पर जो संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ है, उसके तहत भारतीय कृषि बाजार को भी खोलने की बात कही गई है। लेकिन सरकारी सूत्रों का कहना है कि इस समझौते से, भारतीय चावल, गेहूं, सोया और मक्का जैसे अनाजों को बाहर रखा गया है और साथ ही ट्रेड डील से चीनी और डेयरी प्रोडक्ट्स भी बाहर हैं। ऐसा करने की वजह यह है कि भारतीय किसान और डेयरी उद्योग को कारोबारी परेशानियां न झेलनीं पड़ें। वैसे भी भारत लंबे समय से कृषि और डेयरी उद्योग को 'रेड-लाइन' यानी किनारे रखने वाला सेक्टर मानता रहा है। इसकी वजह है कि गांवों में इनसे जुड़े काफी रोजगार हैं। इन सेक्टर को खोलने को लेकर भारत की बातचीत यूरोप और ब्रिटेन से भी अटक चुकी है। ऐसे में अमेरिका के लिए इस बाजार को खोलना भारतीय किसानों के लिए नुकसानदायक तो होगा ही, राजनीतिक बवंडर की वजह भी बन सकता है। इस बवंडर का सामना करने की हिम्मत विरली राजनीतिक ताकतें ही कर सकती हैं। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों, खासतौर पर एमएसएमई, किसानों और मछुआरों के लिए तीन लाख अरब अमेरिकी डॉलर का बड़ा बाजार खुलने की उम्मीद है। इसकी वजह से जो निर्यात बढ़ेगा, उससे महिलाओं और युवाओं के लिए लाखों नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना जताई जा रही है। भारत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, मुर्गी पालन, दूध, पनीर, एथनॉल, तंबाकू, सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि और दुग्ध उत्पादों को पूर्ण रूप से संरक्षित करेगा। दोनों देश अपने-अपने हित वाले क्षेत्रों में एक-दूसरे को तरजीही बाजार पहुंच प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में भारत ने अमेरिका से 2.4 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद आयात किए थे, जिनमें ज्यादातर ताजे फल, सूखे मेवे, बादाम, अखरोट मादक पेय, कच्चा कपास, वनस्पति तेल और प्रोसेस्ड सामान हैं। दूसरी तरफ भारत ने अमेरिका को 6.2 अरब डॉलर का कृषि निर्यात किया, जिनमें समुद्री उत्पाद, मसाले, डेयरी उत्पाद, चावल, जड़ी-बूटियों के आयुर्वेदिक उत्पाद प्रमुख रहे। यह भारत के कुल 53.2 अरब डॉलर सालाना के कृषि निर्यात का 11.74 प्रतिशत है। कृषि और डेयरी उत्पाद के कारोबार के इसी असुंलन की वजह से अमेरिका भारतीय बाजार में घुसने की लगातार कोशिश कर रहा है। लेकिन भारतीय सूत्र इससे साफ इनकार कर रहे हैं। भारत के सामने संकट यह है कि अगर उसने इस क्षेत्र को खोला तो छोटे और सीमांत किसानों के सामने जो चुनौतियां खड़ी होंगी, उनसे वह कैसे निबट पाएगा।

## आज का राशिफल

### मेष

आपकी लगन और मेहनत पर लोग ग़ौर करेंगे और आज इसके चलते आपको कुछ वित्तीय लाभ मिल सकता है। दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ शाम के आयोजन में शिरकत करें। पार्टनर की भावनाओं को समझेंगे तो आपका रिश्ता और भी अधिक मजबूत होगा।

### वृष

दिन की शुरूआत अच्छी रहेगी। जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। थोड़ी सी तकलीफों पर अगर ध्यान न दे तो यह दिन आपके लिए शुभ होगा। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा। पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ बना रहेगा।

### मिथुन

अपनी खुशियों को दूसरों के साथ साझा करना आपकी सेहत को भी बेहतर करेगा। लेकिन ख़याल रखें कि इसे नजरअंदाज़ करना बाद में भारी पड़ सकता है। शाम के समय सामाजिक गतिविधियां उससे कई बेहतर रहेंगी, जितनी आपने उम्मीद की थी।

### कर्क

खुद को ज़्यादा आशावादी बनने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ़ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और व्यवहार लचीला होगा, बल्कि डर, ईर्ष्या और नफरत जैसे नकारात्मक मनोभावों में भी कमी आएगी। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें।

### सिंह

आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। किसी व्यावसायिक काम के लिये यात्रा पर जा सकते हैं। विद्यार्थी अपना समय अध्ययन में लगायेंगे। आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। आपको भाग्य का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

### कन्या

पैसे से जुड़ा कोई भी फैसला करने से पहले एक बार फिर सोच लें ताकि हालात संभले रहें। आज नया वाहन और नया घर खरीद सकते है। आपको अपने परिवार का भरपूर साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में मुद्दों को सुलझाने की दिशा में काम करने में समझदारी हो सकती है।

### तुला

आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा आपको करियर में तरक्की मिलेगी और परिवार में खुशियां आएंगी। आपको गुस्सा करने से बचना होगा और खासकर किसी ऐसी बात से बचना होगा जो किसी का दिल दुखाए। आस्था और विश्वास से काम पूरे होंगे।

### वृश्चिक

आज रुके कार्यों को गति मिलेगी। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ बना रहेगा। पार्टनर की भावनाओं को समझेंगे तो आपका रिश्ता और भी अधिक मजबूत होगा, आपको अपनी किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। विद्यार्थियों को करियर से जुड़ा कोई अहम फैसला लेना पड़ सकता है।

### धनु

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस में कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। इसमें आप सफल भी होंगे। आपको मनचाहा परिणाम मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

### मकर

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम कर सकते हैं। खाने की चीज के प्रति आपका अधिक लगाव हो सकता है। आपके घर-परिवार का वातावरण शांतिदायक रहेगा। आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। दूसरों के साथ खुशी बांटने से सेहत और खिलेगी।

### कुंभ

आज आपकी पारिवारिक उलझनें बढ़ सकती हैं। अत्यधिक क्रोध से आपका कोई बना हुआ कार्य बिगड़ सकता है। आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। आपके दाम्पत्य जीवन में नई चेतना का संचार हो सकता है। आज रुके कार्यों को गति मिलेगी।

### मीन

मजबूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इजाफा करेगा। किसी भी तरह के हालात को काबू में रखने के लिए इस रफ़्तार को बरकरार रखिए। बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। सेहत के मामले में आप फिट रहेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# बच्चों के घुटनों में दर्द क्यों होता है? इसके कारण और इलाज

कुछ बच्चों को अक्सर किसी-न-किसी वजह से पैरों में दर्द रहता है। ऐसे में अभिभावक घबरा जाते हैं। हालांकि, बच्चों के शरीर में होने वाले बदलाव इस समस्या का कारण हो सकते हैं। डॉक्टर्स की मानें तो बच्चों को 3 से 12 साल की उम्र में ग्रोइंग पेन भी हो सकता है। दसअरल, बच्चों का कद बढ़ने के दौरान यह दर्द महसूस हो सकता है। लेकिन, इसके अलावा भी अन्य कारणों से बच्चों को घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है।



### गोइंग पेन

बच्चों के घुटनों के दर्द होने की वजह ग्रोइंग पेन माना जाता है। दरअसल, बच्चों के शारीरिक विकास के कारण उनको पैरों, पिंडलियों और घुटनों का दर्द महसूस हो सकता है। कुछ बच्चों को यह एक पैर तो कुछ को यह दर्द दोनों पैरों में महसूस हो सकता है। इसकी वजह से कुछ बच्चों के पैरों में सूजन भी आ सकती है।

### घुटने में चोट लगना

बच्चों को अक्सर खेल के दौरान चोट लगने की संभावना अधिक होती है। इस दौरान बच्चे को ग्रोथ प्लेट की चोट या घुटने के फ्रैक्चर के कारण भी घुटने में दर्द हो सकता है। यदि आपका बच्चा सही तरह नहीं खड़ा हो पा रहा है या बच्चे के घुटने में सूजन आने लगी है, तो ऐसे में आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### घुटने में इंफेक्शन होना

बैक्टीरियल बोन इंफेक्शन होने पर आपके बच्चे को घुटनों की समस्या हो सकती है। इस तरह के इंफेक्शन के बाद सेप्टिक अर्थराइटिस हो सकता है। छोटे बच्चे इस समस्या में चलने में परेशानी हो सकती है। जबकि बड़े बच्चों के घुटने में सूजन देखने को मिलती है।

### जुवेनाइल अर्थराइटिस

अगर आपके बच्चे को घुटने या पैर में दर्द, सूजन, जोड़ों में अकड़न और मूवमेंट में परेशानी होती है, तो जुवेनाइल अर्थराइटिस हो सकता है। यह एक ऑटो इम्यून डिजीज है, जो बच्चों में देखने को मिलता है। इसकी वजह से बच्चों को चलने में परेशानी हो सकती है।

### बच्चों के घुटनों में दर्द का इलाज कैसे होता है?

बच्चों के घुटनों में दर्द का इलाज किया जा सकता है। डॉक्टर इस दर्द के कारण जानने के बाद उसका इलाज करते हैं। दवाओं में एंटी स्टेरॉइड दी जा सकती हैं। इसके अलावा, डॉक्टर बच्चे को आइस कम्प्रेस करने की सलाह दे सकते हैं। साथ ही, इलाज के दौरान बच्चे को आराम करने की सलाह दी जाती है। इस समय घुटनों के दर्द को कम करने के लिए सपोर्ट पहनने के लिए भी कहा जाता है।

# जल्दी वजन घटाने के लिए इस तरह से करें एलोवेरा का सेवन

आयुर्वेद के अनुसार प्रकृति में कई ऐसी चीजें मौजूद हैं जिन्हें सेहत के लिए वरदान माना जाता है। ऐसी ही एक चीज का नाम है एलोवेरा। सालों से एलोवेरा का इस्तेमाल न सिर्फ खूबसूरती निखारने के लिए किया जाता है बल्कि इसका उपयोग कई तरह के रोगों से भी निजात दिलाने में भी मदद करता है। एलोवेरा में मौजूद विटामिन ए, सी, ई, फॉलिक एसिड, कोलीन, मैग्रीशियम, जिंक, क्रोमियम, सेलेनियम, सोडियम, आयरन, जिंक और मैंगनीज इसे सेहत के लिए और भी गुणकारी बनाते हैं। एलोवेरा की मदद से व्यक्ति अपना बैली फैट कम करके अपना कई किलो वजन भी कम कर सकता है। दरअसल, एलोवेरा जेल शरीर में मौजूद विषेलै पदार्थों को शरीर से बाहर निकालकर वेट लॉस में मदद करता है।



### लेमन जूस के साथ लें एलोवेरा

आपकी वेटलॉस जर्नी में एलोवेरा के साथ नींबू का रस आपकी काफी मदद कर सकता है। एलोवेरा और नींबू से बनी ये एक शानदार ड्रिंक है, जिसका साथ में सेवन करने से इसके फायदे और बढ़ जाते हैं। जिससे वजन घटाने की प्रक्रिया में भी तेजी आती है।

### एलोवेरा जेल

दूसरे तरीके में आप एलोवेरा जेल की फ्रेश पत्तियों को तोड़कर उसके अंदर का गूदा निकाल लें। इसे गूदे को रोजाना सुबह खाली पेट खाएं। ऐसा करने से आपका वजन घटने लगेगा।

### भोजन से पहले लें एलोवेरा जूस

खाने से पहले एलोवेरा जूस का सेवन तेजी से वजन कम करने में मदद करता है। इसके लिए भोजन से 20 मिनट पहले एक चम्मच एलोवेरा जूस लेने से पाचन तंत्र बेहतर बना रहता है, जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है। यह चयापचय को बढ़ावा देने में मददगार है, जिससे शरीर में जमा फैट बहुत तेजी से बर्न होने लगता है। एलोवेरा में विटामिन बी की मौजूदगी शरीर में जमा फैट को एनर्जी में बदलने का काम करती है। एलोवेरा जूस का सेवन आप दो हफ्ते तक करें।

# बच्चा बार-बार पटकता है सिर? इस आदत को दूर करने के लिए अपनाये यह टिप्स

छोटे बच्चों को घर में सभी का बेहद प्यार मिलता है। परिवार के लोग बच्चों की लगभग हर जरूरत को पूरा करना चाहते हैं, ऐसे में उनके द्वारा किसी भी चीज को एक बार मांगने पर ही उपहार के रूप में प्रदान कर दी जाती है। ऐसे में धीरे-धीरे बच्चा जिद्दी हो जाता है, और अपनी बातों को मनवाने के लिए तेजी से रोने लगता है। यदि उसकी इच्छा पूरी न हो तो वह थूकता है, लात मारता है, कई बार काटने लगता है या सिर पटकने लगता है। इन सभी के बाद यदि बच्चे के इच्छा पूरी हो जाती है, तो वह इस आदत का एक पैर्टन बना लेता है। इस आदत को हैड बैंगिग कहते हैं।



### गुस्सा होना

कई बार बच्चे गुस्से और चिड़चिड़ेपन के कारण सिर पटकने लगते हैं। अगर, बच्चे की इच्छा पूरी न की जाएं, तो उनको गुस्सा आने लगता है और ऐसे में कई बार वह दीवार में सिर पटकने लगते हैं। इससे उनके सिर में चोट आ सकती है।

### अटेंशन पाने के लिए

कई बार बच्चा लोगों का ध्यान अपनी ओर खिंचने के लिए सिर को पटकना शुरु कर देते हैं। बच्चे अपने करीबियों की अटेंशन पाना चाहते हैं। ऐसे में कई बार बच्चा तेज रोने लगता है।

### डेवलपमेंट डिसऑर्डर

कई बार बच्चे के सिर पटकने की समस्या डवलपमेंट डिसऑर्डर की वजह से होती है। इस दौरान बच्चे को ऑटिज्म या अन्य समस्या हो सकती है। अगर ऑटिज्म की वजह से बच्चे को सिर पटकने की आदत है, तो ऐसे में आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### बच्चे की अनदेखा करें

डॉक्टर के अनुसार यदि बच्चे ने सिर पटकने की आदत हाल ही में शुरू की है और यह आदत जिद् पूरी न होने की वजह से है, तो ऐसे में अभिभावकों को उन्हें कुछ समय के लिए अनदेखा करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि बच्चा अपनी जिद् या इच्छा को पूरा करने के लिए इस तरह का बर्ताव करते हैं। ऐसा करने से यदि बच्चे की इच्छा पूरी होती है, तो उसे ये यकिन हो जाता है कि सिर पटकने से वह किसी भी इच्छा को आसानी से पूरा कर सकता है। लेकिन, यदि आप उसको इग्नोर करते हैं, तो ऐसे में उसका पैर्टन ब्रेक होता है और वह सिर पटकना कम बंद कर सकता है।

### बच्चे को दीवार से दूर करें

सिर पटकते समय आप बच्चे के दीवार से दूर करें, क्योंकि इससे उसको चोट लगने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही, बच्चे को आप बेड पर लेटा या बैठा दें, इससे सिर पटकने से चोट लगने की संभावना में कमी आती है।




## बजट प्रतिक्रिया

### बजट में रखा सभी वर्गों का ध्यान : जांगिड़



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विधानसभा में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी जी द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 8 करोड़ प्रदेशवासियों की मुस्कान का प्रतीक है। यह बजट युवाओं को रोजगार, किसानों को सशक्त समर्थन, उद्योगों को नई गति और महिलाओं को आत्मनिर्भरता प्रदान करने वाला है। विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी, कृषि उन्नयन और औद्योगिक विकास के साथ यह सर्वांगीण प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

*राकेश जांगिड़, भाजपा नेता तारानगर*

### बजट सर्वहितैषी व प्रदेश को विकसित करने वाला : पूनियां



प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किया गया राज्य बजट सर्वहितैषी व प्रदेश को विकसित करने वाला बजट है। बजट 2026-27 में महिला, युवा, किसान, उद्यमी, बेरोजगार, गरीब प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखा गया है यह बजट विकसित भारत 2047 के विजन को पूरा करने का सशक्त माध्यम है। ऐतिहासिक बजट के लिए मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का आभार।

**भंवरलाल पूनियां**
**भाजपा देहात महामंत्री तारानगर**

### एसीजेएम कोर्ट खोलने की घोषणा बड़ी सौगात : सहारण



सरकार ने राज्य बजट में तारानगर में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोलने की घोषणा की है जो क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। तारानगर में उक्त न्यायालय खुलने से लोगों, न्यायिक कर्मचारियों व अधिवक्ताओं को न्यायिक क्षेत्र में बहुत फायदा मिलेगा। इसके अलावा बजट में प्रदेश के विकास के लिए जो अनेक घोषणाएं हुई है वह स्वागत योग्य है इसके लिए सरकार का आभार।

**एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण अध्यक्ष बार संघ तारानगर**

### सड़कों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा स्वागत योग्य : जोशी



बजट में स्कूली छात्रों को फ्री लैपटॉप एलोन ओर इसके अलावा नई सड़कों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा लिंक रोड़ों के लिए 600करोड़ ओर 42000 किलोमीटर नई रोड़ों का विस्तार भी शामिल किया है। साथ ही 250 नए अटल पथ निर्माण की घोषणा की गई है 2000 हजार पदों पर अतिरिक्त संविदा भर्ती भी की जाएगी। 28 लाख नए आवास स्वीकृत किए जाएंगे। एक लाख युवाओं को दस लाख तक का ऋण ओर 600 नए ट्यूबल भी स्वीकृत करने समेत सभी सराहनीय कार्य इस बजट में पेश किए हैं।

**मनोज जोशी बांय, जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा चूरू**

### बजट किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा : धायल



राज्य सरकार का यह बजट किसानों के जख्मों पर मरहम नहीं बल्कि नमक छिड़कने जैसा है। न एमएसपी की गारंटी, न कर्ज राहत, न आंदोलनों की सुनवाई आखिर अन्नदाता कब तक सिर्फ वादों पर जिएगा। खेत खाली हैं और सरकार की घोषणाएँ भारी हैं लेकिन किसान के हिस्से में फिर निराशा ही आई है।

**नरेन्द्र धायल,** जिला अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन सीकर



भाजपा सरकार का तीसरा बजट जिसमें कुछ भी खास नहीं रहा। इस बजट में पूंजीपत्तियों को फायदा दिया गया आज तक के सबसे छोटे बजट भाषणों में से एक था। शेखावाटी को पूरी तरह नजर अंदाज किया गया बजट में सीकर की आस पूरी तरह अधूरी रही ना तो सीकर को निगम मिला और ना ही सीकर संभाग को बहाल किया गया सबसे ज्वलंत समस्या नानी बीहड़ की जल निकासी की थी उस ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस बजट में केवल घोषणाएं ही हुई है। घोषणाएं पूरी होने में समय लगता है। बेरोजगारों के लिए नौकरियों की कोई घोषणा नहीं की गई और जो घोषणाएं की गई है वह धरातल पर आते-आते दम तोड़ देगी।

**राकेश कालेर, पूर्व प्रवक्ता, जिला कांग्रेस कमेटी सीकर**

### बजट के माध्यम से प्रदेश में जलाया आमजन के लिए दीपक : कुमावत



**मधु कुमावत, पूर्व प्रदेश मंत्री, भाजपा राजस्थान**

राजस्थान में भाजपा सरकार द्वारा पेश किया गया बजट सहरानीय रहा। बजट में की गई घोषणाओं में बच्चो से लेकर वृद्धजन तक का ध्यान रखा गया है, वही दूसरी ओर कृषक और महिलाओं का हितकारी बजट पेश किया गया। बजट में स्कूलों में एआई लैब्स की स्थापना की घोषणा भविष्य को ध्यान में रख कर की गई। अस्पतालों में कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता का भोजन मरीज एवं उनके अभिभावकों को अटल फूड कोर्ट के माध्यम से मिलना अपने आप में मानवीयता की मिसाल पेश करता है। लखपति दीदी योजना की लोन राशि 1 लाख से बढ़ाकर 1 लाख 50 हजार करना, जिला स्तर पर महिलाओं के रोजगार हेतु बीपीओ की स्थापना, नारी शक्ति उद्यम योजना में लोन राशि 50 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ करना, रोड और इंफ्रास्ट्रक्चर पर सभी जिलो की अवश्यताओ को देखते हुए बजट का समायोजन करना, मंदिरों की उचित देखभाल हेतु बजट देना। इसके अलावा आज कल साइबर फ्रॉड का चलन बहुत तेजी से चल रहा है जिसे रोकने के लिए राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर की स्थापना किये जाने भी घोषणा की है। कुल मिलाकर सभी वर्गों की स्थिति देख कर ही आमजन के लिए बजट पेश किया गया है जो काबिले तारीफहै। मुझे ऐसा विश्वास है कि इस बजट से आमजन राहत की सांस महसूस करेगा।

### भाजपा सरकार ने शेखावाटी को किया निराश : कच्छावा



कांग्रेस की पूर्व पार्षद भावना कच्छावा ने बजट को लोगों के लिए गुमराह करने वाला बताया। प्रदेश की भाजपा सरकार ने शेखावाटी को बजट में कुछ नहीं दिया लोगों को उम्मीद थी कि सीकर संभाग को बहाल किया जाएगा। वहीं नगर परिषद को निगम बनाए जाने की भी पूरी उम्मीद लोग लगाए बैठे थे लेकिन सरकार ने आमजन के सपनों को चकना चूर कर दिया। बजट में मजदूरों, किसानों और नौजवानों सहित महिलाओं के लिए कुछ भी नही किया है केवल लोक लुभावना बजट पेश कर भाजपा सरकार ने लोगों को गुमराह करने का काम किया है। बजट से साफ प्रतीत होता है कि सरकार किसी भी सूरत में आमजन के लिए हितकारी नहीं है।

***भावना कच्छावा, पूर्व पार्षद, कांग्रेस***

### जन आकांक्षाओं एवं विकास को समर्पित बजट



राजस्थान के 2026 के बजट में आम जनता को लाभान्वित करने वाले बजट में सब कुछ है जो जनता चाहती है। शहरों की सड़कों के लिए 1800 करोड़, बिजली 220 केवी के 6132 केवी के 13, एवं 33 केवी के 110 नए जीएसएस बनेंगे। 28 लाख परिवारों के लिए आवास निर्माण कार्य, औधोगिक पार्क, ड्रेनेज सिस्टम के लिए 200 करोड़, नये स्कूल भवनों के निर्माण हेतु 400 करोड़ दिए गए है । एक लाख नई भर्तियां की जाएगी। स्वरोजगार हेतु एक लाख युवाओं को 10 लाख ब्याजमुक्त ऋण दिया जाएगा। शेखावाटी में पानी लाने के लिए 32000 करोड़ का फंड का प्रावधान और सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी से विधवाओं, वृद्धजनों को फायदा होगा।

**राज कुमार किरोड़ीवाल,**
**भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी सीकर**

# भारत की इस जगह पर है विश्व का दूसरा सबसे बड़ा गुंबद, जहां से दिखता है पूरे शहर का हसीन नजारा





गोल गुंबज कर्नाटक के बीजापुर में एक बहुत ही सुंदर स्मारक है। इसे व्हीसपरिंग गैलेरी भी कहते हैं। हालांकि यहां पर पर्यटक बहुत ज्यादा संख्या में नहीं आते, लेकिन अगर आप इतिहास प्रेमी हैं, तो आपको गोल गुंबज जरूर जाना चाहिए। बीजापुर और इसके आसपास 300 से ज्यादा ऐतिहासिक मस्जिदें , मकबरें और महान संरचनाएं हैं, जिनके बारे में बहुत से पर्यटक अब भी नहीं जानते। इस गुंबज की भव्यता और बिना किसी सहारे के बीम की विशाल संरचना इसे भारत के मशहूर मकबरों में से एक बनाती है। दक्कन क्षेत्र में निर्मित यह सरंचना सागर और भव्यता का प्रतीक है।

**एक ही समय में बने थे ताजमहल और गोल गुंबज :** ताजमहल और गोलगुंबज दोनों का निर्माण लगभग 17वीं शताब्दी में किया गया था। असल में, 1632 में ताजमहल का निर्माण शुरू करने से पहले ही मोहम्मद आदिल शाह ने स्वयं के मकबरे का निर्माण शुरू कर दिया था, जो 1656 में बनकर तैयारी हो गया था। जबकि ताजमहल का मुख्य गुंबद 1648 में बन गया था।

**अनंत नींद में रहता है पूरा परिवार :** गोल गुंबज न कवेल मोहम्मद आदिल शाह का विश्राम स्थल है, बल्कि उनकी पत्नी, बेटी, पोते और रंभा नाम की उनकी मालकिन का भी आखिरी विश्राम स्थल है। एक ऊंचे चबूतरे पर 5 कब्रें हैं, जो जमीनी स्तर से बहुत नीचे हैं।

**गोल गुंबज की जादुई गूंज :** गोल गुंबज का मुख्य आकर्षण है इसकी गूंज। इसे फुसफुसाती गैलेरी के रूप में जाना जाता है। गैलेरी की वास्तुकला ऐसी है, कि आप धीरे से भी बोलेंगे, तो पूरे गैलरी में गूंज सुनाई देती है। इतना ही नहीं फुसफुसाहट की ध्वनि एक या दो बार नहीं बल्कि लगातार 7 से 10 बार सुनाई देती है।

**गोल गुंबज के अंदर चैंबर :** गोल गुंबज के अंदर एक विशाल चैंबर है, जो 1700 वर्ग मीटर में फैला हुआ है, इसे दुनिया के सबसे बड़े चैंबर में से एक माना जाता है।

**नक्कर खाना :** नक्कर खाना गोल गुंबज के पास उसी परिसर में है। माना जाता है कि यह एक ऐसी स्मारक है, जो शाही मेहमानों के स्वागत के के लिए बनाई गई थी।

### सबसे बड़े गुंबदों में से एक

गोल गुंबज का विशाल गुंबज , इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। इसका व्यास 144.3 मीटर की लंबाई तक फैला हुआ है। यह गुंबद बिना किसी सहारे के खड़ा हुआ है। गोल गुंबद भारत का सबसे बड़ा और विर्श्व का दूसरा सबसे बड़ा गुंबद है।

### पहले ही शुरू कर दिया था मकबरे का निर्माण

आपको जानकर हैरत होगी कि मोहम्मद आदिल शाह ने 1627 में सिंहासन पर चढने् से पहले ही मकबरे गोल गुंबज का निर्माण शुरू कर दिया था। वह चाहते थे कि उनका मकबरा अपने ही पिता इब्राहिम आदिल शाह द्वितीय , इब्राहिम की कब्र से भी बड़ा हो। गोल गुंबज का निर्माण 1656 तक 20 साल तक चला और मोहम्मद आदिल शाह की मौत के साथ ही रूक गया। गोल गुंबज का भव्य डिजाइन कभी पूरा नहीं हुआ और एक ही गुंबद वाला ढांचा बना रह गया।

# कुदरत के खूबसूरत नजारों से ओत-प्रोत है कौसानी, भारत के स्विट्ज़रलैंड का आप भी कर लें दीदार

वीकेंड बिताने के लिए कौसानी एक परफेक्ट डेस्टीनेशन है। ऐसे बहुत से कारण हैं, जिसके लिए आपको कौसानी की यात्रा जरूर करनी चाहिए। कौसानी को महात्मा गांधी ने भारत का स्वीटजरलैंड कहा था। वास्तव में यह हिल स्टेशन एक स्वर्ग है, जो आपको शहरी जीवन की नीरसता से दूर ले जाता है। हिमालय में बसा कौसानी उत्तराखंड के कुंमाऊ क्षेत्र का एक हिस्सा है, जो जैव विविधता से संपन्न है। उत्तराखंड के बाघेश्वर जिले में स्थित कौसानी शहर की हलचल से दूर एक शांत जगह है। कौसानी हिमालय की कुछ सबसे ऊंची चोटियों जैसे नंदा देव ओर पंचचूली के 300 किमी के प्राकृतिक नजारों के लिए काफी मशहूर है। कहते हैं कि वीकेंड बिताने के लिए कौसानी सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

**दिल्ली के करीब है :** बेहद शांत और प्राचीन प्राकृतिक सुंदरता की तलाश करने वाले लोगों के लिए कौसानी दिल्ली के करीब सबसे खूबसूरत डेस्टीनेशन्स में से एक है। दिल्ली से इसकी दूरी मात्र 412 किमी है। हिल स्टेशन उत्तराखंड में है। चीढ़ के पेड़ों से घिरा कौसानी प्रकृति की सैर करने के लिए एक अच्छी जगह है। यहां के जंगलों में आप बेहद शांति का अनुभव करेंगे।

**ट्रैकिंग के लिए स्वर्ग है कौसानी :** नेचर लवर्स के लिए कौसानी एक खजाना है। यहां आप रूद्रधारी फॉल्स और गुफाओं का आनंद ले सकते हैं। ऊंचाई के ट्रेक पर आप हिम तेंदुए, कस्तूरी हिरण और नीली भेड़ जैसे जानवरों को देख सकते हैं। कौसानी में कफनी ग्लेशियर, बैजनाथ मंदिर, पिन्नाथ, पिंडारी और सुंदरधुंगा ग्लेशियर कौसानी के पास कुछ पॉपुलर ट्रैकिंग प्लेस हैं।

**यहां कैंपिंग कर सकते हैं :** कौसानी में आपको कैंपिंग करने का भी मोका मिलेगा। यहां आप अपनी जरूरतों से समझौता किए बिना प्रकृति की सुदंरता के करीब रहकर शांत वातावरण का अनुभव कर सकते हैं। अगर आप एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें शांति, सुकून, प्रकृति की सैर और पक्षियों को देखना अच्छा लगता है, तो आपको कौसानी जरूर जाना चाहिए। एडवेंचर पसंद करने वाले लोग माउंटेन बाइकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग और रैपलिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटीज का हिस्सा बन सकते हैं। यहां पर ईको एडवेंचर, पदमपुरी और कलसी फेमस कैंप हैं।


**सर्दियों में वंडरलैंड में बदल जाती है कौसानी :** कौसानी में सर्दियों में बहुत बर्फबारी होती है। इन दिनों कौसानी वंडरलैंड में बदल जाता है। बर्फ से ढंकी पहाड़ियां और सर्द मौसम आपको मंत्रमुग्ध कर देगा।

**कौसानी में चाय के बागान :** कौसानी में कौसानी टी एस्टेट 208 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। चाय प्रेमियों के लिए यह जगह वास्तव में स्वर्ग है। यहां पर्यटक दार्जिलिंग की चाय को सस्ती कीमत पर चख सकते हैं और खरीद भी सकते हैं।

**आश्रमों की अनोखी है दांस्ता :** कौसानी में आपको लक्ष्मी आश्रम और अनाशक्ति आश्रम मिलेंगे। लक्ष्मी आश्रम 1964 में बनाया गया था और यह आज लड़कियों के लिए एक अनाथालय है। इसके ठीक बगल में गांधी आश्रम है, जिसे अनाशक्ति आश्रम भी कहते हैं। यह मुख्य रूप से महात्मा गांधी को श्रद्धांजली देने के रूप में बनाया गया एक संग्रहालय है। एक बार वह कौसानी आए थे और उन्हें भी यहां की प्राकृतिक सुंदरता से प्यार हो गया था।




### शोक बैठक आज



बडे दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि श्री कैलाशचंद जी बंका पुत्र स्व. श्री सूरजमल जी बंका झुंझुनू का 9 फरवरी 2026 को सूरत में देहावसान हो गया है। उनकी झुंझुनू में शोक बैठक जगदीश प्रसाद जी बंका बड़ के बालाजी मंदिर के पास श्रीमालो का मोहला बंका निवास पर 12 फरवरी अपराह्न 2 से 4 बजे तक होगी।

**शोकाकुल :**

**देवकीनंदन, रमाकांत, चुनीलाल, श्रीकिशन सहित समस्त बंका परिवार मो. 9694479230, 9928653533**

### नाम परिवर्तन

मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड नंबर 2889225H रैंक EX- HAV नाम रणधीर सिंह पुत्र किशनाराम निवासी ढंढारीया, तहसील पिलानी जिला झुंझुनूं राजस्थान में मेरी माता का नाम भूलवश नागन देवी (NAGAN DEVI) जन्मतिथि 55 वर्ष दर्ज हो गई। मेरी माता का सही नाम नागरी (NAGARI) वास्तविक जन्मतिथि 01.01.1945 दर्ज की जाए।


# राजस्थान के कई जिलों में हल्की बारिश

## दिन-रात के तापमान में बदलाव, पारा 30 डिग्री के करीब



जयपुर।

राजस्थान के मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। न्यूनतम-अधिकतम तापमान बढ़ने के कारण सर्दी धीरे-धीरे कम होने लगी है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच गया। यहां हल्की बारिश भी हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहने और तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना जताई है।

### दोपहर बाद बदला मौसम

पिछले 24 घंटे में बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर के एरिया में आसमान में मंगलवार दोपहर में हल्के बादल छाए। चूरू, श्रीगंगानगर के एरिया में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अचानक तापमान बढ़ने और वातावरण में ह्यूमिडिटी (नमी) की मात्रा ज्यादा होने से स्थानीय स्तर पर बादल बन गए। इस कारण मौसम बदला।

### 7 शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री पर दर्ज

राजस्थान में मंगलवार को कई शहरों में हल्की गर्मी रही। 7 शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। इसमें बाड़मेर, पिलानी, चित्तौड़गढ़, बीकानेर, चूरू, फतेहपुर और दौसा शामिल है। राजधानी जयपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में दिनभर तेज धूप रही और देर शाम को भी सर्दी का असर कम रहा।

### रात में सर्दी गायब, न्यूनतम तापमान 17 डिग्री से ऊपर

पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर में तो रात में भी सर्दी लगभग गायब हो गई। मंगलवार बाड़मेर में न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री दर्ज हुआ। बीकानेर में न्यूनतम तापमान 15.1, झुंझुनूं में 14, जयपुर में 14.5 और अजमेर में 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।


### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग-खण्ड फतेहपुर (सीकर)

क्रमांक:-1867 दिनांक:- 30.01.2026

**ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या : 13/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क मरम्मत कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत सर्वेदकों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 16.02.2026 को सायं 6:00 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा में 1 कार्य कुल राशि रू. 29.80 लाख के हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट https://sppp.rajasthan.gov.in, http://dipr.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. PWD2526A5447
UBN No. PWD2526WSOB22222

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड फतेहपुर

DIPR/C/2335/2026

### कार्यालय ग्राम पंचायत सीगड़ा पंचायत समिति मण्डावा (झुन्झुनू)

क्रमांक:- ग्रा.प./ई-निविदा/2025-26/62 दिनांक:- 10/02/26

**ई-निविदा सूचना 2025-26/02**

ग्राम पंचायत में संकर्म निर्माण कार्यों को पंचायतराज विभाग नियम 1996 के नियम 181 के अंतर्गत करवाने हेतु इच्छुक संवेदकों से दिनांक 18/2/26 को सायं 6:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से संबधित समस्त जानकारी कार्यालय एवं http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp. rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB NO. ZJU2526A0725
UBN NO. ZJU2526WSOB01249

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत सीगड़ा
पंचायत समिति मण्डावा

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत सीगड़ा
पंचायत समिति मण्डावा

## 4 हजार की रिश्वत लेते पटवारी एसीबी के हत्थे चढ़ा

निसं

**जोधपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जोधपुर जिले में कार्रवाई करते हुए बिलाड़ा तहसील के पटवार हल्का खारिया मीठापुर में कार्यरत पटवारी रोहित कुमार को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि जोधपुर ग्रामीण इकाई को शिकायत मिली थी कि आरोपी पटवारी रोहित कुमार परिवादी की जमीन के खाते में उसकी दादी के नाम संशोधन करने के एवज में 5 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। रिश्वत नहीं देने पर कार्य में टालमटोल कर परेशान किया जा रहा था। शिकायत का सत्यापन कराया गया। जिसमें आरोपी द्वारा 5 हजार रुपए की मांग की पुष्टि हुई। परिवादी द्वारा राशि कम करने का आग्रह करने पर आरोपी 4 हजार रुपए लेने पर राजी हो गया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। टीम ने पटवारी रोहित कुमार को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

## ब्लैकमेल कर 10 लाख वसूलने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने एनआईए स्कॉलर को अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करीब 10 लाख रुपए वसूलने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले एक साल से पीड़ित को ब्लैकमेल कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि कर्नाटक निवासी 28 वर्षीय पीएचडी शोधार्थी, जो राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में अध्ययनरत है ने रिपोर्ट दी थी कि सिल्वेस्टर माइकल फर्नाडिस नामक व्यक्ति उससे दोस्ती बढ़ाकर उसके फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। आरोपी पुलिस कार्रवाई का डर दिखाकर समझौता कराने के नाम पर रकम वसूलता रहा। रिपोर्ट पर ब्रह्मपुरी थाने में प्रकरण दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक व सहायक पुलिस आयुक्त सुरेंद्र सिंह राणावत के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और सूचना संकलन के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 47 वर्षीय आरोपी सिल्वेस्टर माइकल फर्नाडिस को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने पिछले एक वर्ष में पीड़ित से अलग-अलग माध्यमों से करीब 10 लाख रुपए अपने बैंक खातों में डलवाए। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने राशि का उपयोग किन-किन माध्यमों से किया।

## संविदा नियुक्ति के नाम पर 25 हजार की घुस लेते लैब टेक्नीशियन गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भरतपुर के राजकीय जनाना चिकित्सालय स्थित ब्लड स्टोरेज यूनिट में कार्यरत लैब टेक्नीशियन (प्लेसमेंट कार्मिक) राम कुवार को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि करौली चौकी को शिकायत मिली थी कि आरोपी परिवादी को जनाना चिकित्सालय भरतपुर में संविदा पर टॉली पूलर वार्ड बॉय के पद पर नियुक्ति दिलाने के नाम पर 30 हजार रुपए की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने कार्रवाई की योजना बनाई। उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक जगदीश भारद्वाज के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। आरोपी ने परिवादी को जनाना चिकित्सालय में बुलाकर 25 हजार रुपए रिश्वत के रूप में प्राप्त किए। इसी दौरान टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी महानिरीक्षक पुलिस राजेश सिंह के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

## 11 करोड़ की लागत से बनाई जाएगी 13 किलोमीटर की सड़क

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** प्रदेश सरकार की ओर से बुधवार को जारी किए गए बजट में खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में 13 किलोमीटर सड़कों के निर्माण के लिए 11 करोड़ रुपए घोषणा की गई हैं। सड़कों का निर्माण कार्य होने से क्षतिग्रस्त सड़कों से हो रही परेशानी से छुटकारा मिल पाएगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में पेश किए गए सरकार के बजट में खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र की डाडा फतेहपुरा से नालपुर, गौरीर, रामबास होते हुए हरियाणा सीमा तक 13 किलोमीटर की सड़क के लिए 11 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण करवाएं जाने की घोषणा की है। इसके अलावा मेहाड़ा क्षेत्र में बिजली विभाग के एईएन कार्यालय खोले जाने की पिछले काफी समय से मांग चल रही थी, जिस पर राज्य सरकार की ओर से बजट में मेहाड़ा में एईएन कार्यालय खोले जाने की घोषणा की गई है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट में खेतड़ी के प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमौन्नत करने की घोषणा भी की है। क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर का आभार व्यक्त किया है। विधायक ने कहा कि जल्द ही सड़कों का निर्माण कार्य भी शुरू करवाया जाएगा। पूर्व में बजट घोषणा अंतिम दोर में चल रही है। इसके अलावा खेतड़ी को पर्यटन के रूप में विकसित करने, खेतड़ी बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन का विस्तार करने, पिछली सरकार द्वारा अधर में छोड़े गए रिको औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार करने की मांग कर क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखकर बजट जारी किया गया है। आगामी समय में राजस्थान प्रदेश विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

# मोंटेसरी ग्रेजुएशन व वार्षिक उत्सव में नन्हों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** रयान इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर में मोंटेसरी ग्रेजुएशन समारोह एवं वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय प्रार्थना नृत्य से हुई, जिसने पूरे सभागार को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। विद्यार्थियों ने बहुभाषी स्वागत भाषणों के माध्यम से विद्यालय की वैश्विक सोच और समावेशी शिक्षा प्रणाली को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य, संगीत प्रस्तुतियों तथा फिटनेस व खेल आधारित कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रस्तुतियों में एकता, सांस्कृतिक विविधता और आपसी सौहार्द का संदेश प्रमुखता से उभरा। इस अवसर पर विद्यालय के 50 स्वर्णिम वर्षों का उत्सव भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह उपलब्धि संस्था की शिक्षा, संस्कार और नेतृत्व की सुदृढ़ विरासत को दर्शाती है। समारोह का मुख्य आकर्षण मोंटेसरी ग्रेजुएशन रहा। स्नातक परिधान में सजे नन्हे विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मोंटेसरी से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। प्रिंस एवं प्रिंसेस अवाड्र्स विशेष आकर्षण रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय असवाल आईएएस, दीपक भार्गव आईपीएस, जगत सिंह पंवार अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, विश्व मोहन शर्मा आईएएस, नीरज अरोड़ा महासचिव आईसीटीआई, ब्रिगेडियर कमल नारायण पंडित सेवानिवृत्त, अनिल कुमार शर्मा एसोसिएट डायरेक्टर ईएचसीसी हॉस्पिटल तथा कर्नल चंद्रशेखर सेवानिवृत्त उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

विद्यालय की निदेशक सोनल मैम ने अपने संबोधन में मूल्यपरक शिक्षा और समग्र विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन उत्साह और उल्लास के साथ हुआ जो विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार के लिए यादगार बन गया।

## एचसीएल निदेशक (खदान) बनने पर जीडी गुप्ता का किया सम्मान



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी प्रोजेक्ट के कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता के हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड में निदेशक खदान पद पर चयन होने पर बुधवार को डायरेक्टर बंगले पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खान सुरक्षा महानिदेशालय अजमेर रीजन के उपनिदेशक रजनीश सीगड़ ने गुप्ता को बुके भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर रजनीश सीगड़ ने कहा कि जीडी गुप्ता का एचसीएल के निदेशक खदान पद पर चयन केसीसी प्रोजेक्ट एवं पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि गुप्ता ने अपने कार्यकाल में तकनीकी दक्षता, पारदर्शिता और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। खेतड़ी खदान में उपमहाप्रबंधक के रूप में सेवाएं देने से लेकर केसीसी महाप्रबंधक एवं बाद में कार्यपालक निदेशक तक का उनका सफर उनकी कर्मठता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सीगड़ ने कहा कि गुप्ता के नेतृत्व में खदानों में सुरक्षा मानकों, उत्पादन क्षमता और कार्य संस्कृति में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि एचसीएल को उनके अनुभव और दूरदर्शिता का लाभ मिलेगा तथा केसीसी प्रोजेक्ट नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा। इस मौके पर महाप्रबंधक खदान पीडी बोहरा, समाजसेवी बबलू अवाना, हसरत हुसैन, राजेंद्र जांगिड़ सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी जीडी गुप्ता को बुके देकर सम्मानित किया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आंगनवाड़ी के पास खुला पड़ा ट्यूबवेल का स्टार्टर

### करंट लगने से बड़े हादसे की आशंका

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव में आंगनवाड़ी केंद्र के समीप लगे ट्यूबवेल का स्टार्टर खुले में पड़ा होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ट्यूबवेल के विद्युत स्टार्टर में सुरक्षा कवर नहीं होने के कारण वहां करंट फैलने की आशंका बनी हुई है। खास बात यह है कि आंगनवाड़ी केंद्र में रोजाना छोटे बच्चे और महिलाएं आती-जाती हैं, जिससे खतरा और भी बढ़ गया है। हवलदार शीशराम बुगालिया व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ट्यूबवेल का स्टार्टर लंबे समय से खुला पड़ा है लेकिन संबंधित विभाग ने अब तक कोई सुध नहीं ली। बारिश या नमी के दौरान स्टार्टर में करंट फैलने का खतरा बना रहता है। यदि कोई बच्चा या राहगीर गलती से इसके संपर्क में आ गया तो गंभीर हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को कई बार जिम्मेदारों के संज्ञान में लाया लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आंगनवाड़ी केंद्र के पास इस तरह की लापरवाही बच्चों की जान से खिलवाड़ के समान है।



ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द ट्यूबवेल के स्टार्टर को सुरक्षित किया जाए और उचित कवर लगाया जाए ताकि किसी अनहोनी से पहले ही खतरे को टाला जा सके।

### पानी का कर रहे व्यर्थ दुरुपयोग

स्थानीय निवासी सुनील जांगिड़ ने बताया कि सार्वजनिक ट्यूबवेल होने से कुछ लोग पानी का व्यर्थ दुरुपयोग करते है। यहां आए दिन कुछ लोग ट्यूबवेल चालू करके अपने मवेशियों को नहलाते है, जिसके कारण आंगनवाड़ी के आसपास कीचड़ जमा हो जाता है। इससे पानी की व्यर्थ बर्बादी के साथ रास्ता भी खराब हो रहा है।

## 6 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

निसं

**मुकुन्दगढ़ (नवयत्न)।** मुकुंदगढ़ पुलिस ने करीब 6 माह से फरार अपहरण व मारपीट के इनामी आरोपी अरविन्द को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी ताराचंद यादव ने बताया कि कसेरू के संजय सिंह ने बताया कि मैं अपने दोस्त की बहन को हॉस्पिटल दिखाने लेके गया था वहां मुझे आकाश सेन का फोन आया और बोला मिलना है मैंने उसे मेरी जगह बताई कि मैं कहां हूं वहां मुझे फोन किया कि बाहर आ वहां विकास कालेर बैठा था तो मैं आगे वाली सीट पर बैठा तो पीछे से दो बंदे आए मुझे पकड़ लिया मुझे मारा गया और मेरा फोन तोड़ दिया और मुझे जान से मारने की धमकी दी बोला गोली मार देंगे तुझे और मुझे चार-पांच घंटे बाद वापस छोड़ दिया। अनुसंधान के दौरान आरोपी विकास कालेर, ओमपाल व आकास सैन को गिरफ्तार किया जा चुका था तथा आरोपी श्यामपुरा पुलिस थाना सुल्ताना के अरविन्द प्रकरण दर्ज होने के बाद से करीब 6 माह से फरार चल रहा था । जिसकी गिरफ्तारी पर 2 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाधिकारी ताराचंद यादव, कांस्टेबल मुल्तानाराम, कांस्टेबल बाबूलाल शामिल रहे।

## ध्रुवपद समारोह में ट्रस्ट की वार्षिक पत्रिका ध्रुववाणी का विमोचन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इन्टरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट, रसमंजरी संगीतोपासना केन्द्र जयपुर एवं पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर की सहभागिता में राजस्थान को समृद्ध ध्रुवपद विरासत देने वाले आचार्य पद्मश्री पं लक्ष्मण भट्ट तैलंग की स्मृति में जवाहर कला केन्द्र में 32वां अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद-निनाद विरासत समारोह जयपुर ध्रुवपद धरोहर आयोजित किया गया। समारोह का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डॉ के एल जैन, अध्यक्ष डॉ राघव प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि डॉ अखिल शुक्ला एवं डॉ सविता पाइवाल और ट्रस्ट के सदस्यों के दीप-प्रज्वलन से हुआ। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ निशा भट्ट तैलंग के स्वागत भाषण के उपरांत राग देस में 150 वर्ष पूर्ण कर चुके भारत के राष्ट्रगीत वन्देमातरम् के समूह-गान को समारोह की मुख्य संयोजिका एवं ध्रुवपद गायिका विदुषी प्रो. मधु भट्ट तैलंग के संगीत-निर्देशन में उनके शिष्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इन कलाकारों द्वारा वन्देमातरम् के गौरव गान की पारम्परिक धुन को ध्रुवपद की चौताल में सुन्दर स्वर - संयोजनों एवं पखावज की परन के प्रयोग से नवाचार पूर्ण अनूठी प्रस्तुति दी गई, जिसमें तानपुरे पर नरेन्द्र शर्मा, पखावज पर प्रतीश रावत एवं हारमोनियम पर रवीन्द्र सिंह ने सुन्दर संगत की। समारोह में ट्रस्ट द्वारा गोस्वामी रणछोड़ लाल को पं. लक्ष्मण भट्ट धरोहर सम्मान, अनुज प्रताप सिंह को विशिष्ट ध्रुवपद प्रतिभा सम्मान एवं पं लक्ष्मण भट्ट विशिष्ट कला लेखन धरोहर अवार्ड कला स्तम्भकार ललित शर्मा अकिंचन को प्रदान किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों द्वारा ट्रस्ट की वार्षिक पत्रिका ध्रुववाणी 2025 के पोस्टर का भी विमोचन हुआ। अंत में कार्यक्रम निदेशक पंचतंत्री बेलावादक पं रविशंकर भट्ट तैलंग ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह का अत्यन्त प्रभावी मंच संचालन प्रणय भारद्वाज ने किया।

## बीएमडी स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति द्वारा बुधवार को बोन मैरो डेंसिटी (बीएमडी) जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 55 लोगों का बीएमडी टेस्ट किया जाकर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर संयोजक डॉ माधव सिंह ने बताया कि शिविर में उपस्थित लोगों को बीएमडी जांच की सहायता से ओस्टियोपोरोसिस की पहचान, फ्रैक्चर की पहचान और इसके जोखिम को कम करने हेतु आवश्यक परामर्श दिया गया। यह शिविर हर महीने में दो बार आयोजित किया जाता है।

## प्राचीन अभिलेखों के संरक्षण विषयक कार्यशाला आयोजित

निसं



**बीकानेर ( नवयत्न )।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा अभिलेखों के संरक्षण के महत्व पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई । सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरांत एसोसिएट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ मेघना शर्मा ने मंच से अपना स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि प्राचीन ऐतिहासिक अभिलेखों के संरक्षण से हम अपने अतीत को समझकर भविष्य की दिशा तय करते हैं। अभिलेखों की सुरक्षा केवल दस्तावेजों की रक्षा नहीं बल्कि हमारी पहचान और हमारे अस्तित्व, सभ्यता संस्कृति के ज्ञान की रक्षा है। बीज वक्ता बीकानेर राज्य अभिलेखागार के वरिष्ठ रसायनज्ञ ऋषिराज थानवी ने बीज वक्तव्य में अपने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि एसीटोन विधि से लेमिनेशन के तहत दो फॉइल के बीच डॉक्यूमेंट को रखकर सुरक्षित किया जाता है। पुराने पीले कागजों वाले दस्तावेजों को कैल्शियम बाईकार्बोनेट के उपयोग से लंबे समय तक संधारित किया जाता है। आगे उन्होंने बताया कि माइक्रोफिल्म रीडर, एमआरडी2 कैमरा आदि नया कागज तैयार करने में मददगार साबित होता है तो वहीं दस्तावेजों को दीमक से बचाने हेतु आर्काइव्स के चारों तरफ एंटी टर्माइट लाइनें बिछाई जाती हैं। वर्तमान में वृहद स्तर पर जो डिजिटाइजेशन प्रक्रिया चल रही है उसके तहत जेपीईजी फॉर्मेट में रिकॉर्ड्स को सुरक्षित रखा जाता है। आयोजन सचिव अतिथि शिक्षक डॉ गोपाल व्यास ने मंच संचालन करते हुए इस कार्यशाला को इतिहास विषय में भविष्य निर्माण करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए सहयोगी व रोजगारपरक बताया। कार्यशाला के मुख्य व्याख्यान के बाद विद्यार्थियों ने रोजगार संबंधी प्रश्न पूछें जिसके उत्तर में ऋषिराज थानवी ने कहा कि इतिहास अध्ययन का भविष्य बहुत उज्ज्वल है इसके तहत सहायक पुरालेखपाल, आर्काइवल केमिस्ट, रिसर्च ऑफिसर, म्यूज़ियम क्यूरेटर जैसे पद हासिल किए जा सकते हैं। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को राजस्थान राज्य अभिलेखागार के ब्रोशर भी बांटे गए । अंत में धन्यवाद ज्ञापन अतिथि शिक्षक भगवान दास सुथार द्वारा दिया गया। कार्यशाला में विभाग के अतिथि शिक्षक डॉ मुकेश हर्ष, डॉ रीतेश व्यास, डॉ खुशाल पुरोहित, रिंकू जोशी, जसप्रीत सिंह व किरण के अलावा तेजपाल भारती शामिल रहे। कार्यशाला में 90 विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई।

## चाकरी हस्तांतरण कार्यक्रम आयोजित

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** तेरापंथ अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण के पावन सान्निध्य में हाकम साध्वी कार्तिक यशा ने साध्वी कीर्ति लता को लाडनूं सेवा केंद्र की चाकरी हस्तांतरण की। सेवा के इस दायित्व ग्रहण पल का श्रावक समाज साक्षी बना। इस कार्यक्रम में सभी सभा संस्थाओं के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्यों की उपस्थिति रही। जैन विश्व भारती से सेवा केंद्र में पधार कर सभी ने गुरुदेव का आशीर्वाद लिया। सभा अध्यक्ष प्रकाश बेद, महिला मंडल अध्यक्ष आरती कठोतिया ने



अपने भावों की अभिव्यक्ति की। सभी श्रावक श्राविकाओं द्वारा चाकरी मंगलमय होने की कामना की गई। कार्यक्रम में महिला मंडल की बहनों ने गीतिका द्वारा नए हाकम का स्वागत किया।

## बालवाटिका कम्युनिटी कार्यक्रम आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्या मधु चौधरी की अध्यक्षता में बालवाटिका कम्युनिटी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत फरवरी माह में जन्म लेने वाले बालकों का जन्मदिन अभिभावकों की उपस्थिति में केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों को उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों की सहभागिता रही। अभिभावकों के लिए क्विज प्रतियोगिता एवं पेंसिल बैलेंस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को मोमेंटो एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साथ ही प्रतियोगिताओं में विजेता बालकों को भी पुरस्कार वितरित किए गए। नव प्रवेशी बालकों को बैग, बॉक्स एवं शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान आशा मीणा द्वारा गुड टच-बैड टच विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अभिभावकों ने प्रेरक गीत एवं पारंपरिक कहानियाँ प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रोचक बनाया। बालवाटिका प्रभारी शिशुपाल सिंह ने बच्चों में अच्छी आदतों के विकास तथा मोबाइल के दुष्प्रभावों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। पीएम प्रभारी ओम प्रकाश गुर्जर ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। एनटीटी शिक्षिका रेखा शर्मा ने बच्चों को स्वच्छता के साथ विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य रामचंद्र यादव, गिरवर सिंह शेखावत, कपिल कुमार समोता, कैलाश कुमावत, जोगेंद्र प्रसाद वर्मा, महेंद्र सिंह शेखावत सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## देशभर में मनाएंगे गौ सम्मान दिवस

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** गौसेवा सम्मान आह्वान अभियान के तहत केंद्रीय कोर कमेटी सदस्य अयोध्या हनुमानगढ़ी के चंद्रमादास महाराज की उपस्थिति में अजीतगढ़ शहर की आजादी से पूर्व स्थापित वर्ष 1945 श्री कृष्ण गौशाला अजीतगढ़ परिसर में गौ भक्तों की एक विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक में महाराज ने कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने को लेकर अभियान संचालित है देशभर में प्रधान संरक्षक गौमाता व अध्यक्ष नन्दी बाबा को मानते हुए आगामी 27 अप्रैल को देशभर में गौ सम्मान दिवस मनाएंगे। इसी दौरान गाय की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए



राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम मुख्यालय पर ज्ञापन दिए जाएंगे। इससे पूर्व श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ के कोषाध्यक्ष मोहन लाल पारीक, विहिप अध्यक्ष विष्णुदत्त सेठी के नेतृत्व में गौभक्तों ने संतों का सम्मान किया। इस दौरान अभियान के राजस्थान प्रभारी बहादुर सिंह गुर्जर, जिला प्रभारी ताराचंद सेवदा ने भी विचार व्यक्त किए।

गौशाला प्रबंधन अध्यक्ष चैतन्य मीणा ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र, राज्य सरकारों से राष्ट्र एवं भारतीय संस्कृति के हित में संविधान के दायरे में रहकर अहिंसक तरीके से गाय की सेवा जिसमें गौमाता को उचित अनुसंधान और अनुदान मिले, सुरक्षाभारत में गौ हत्या पूरी तरह समाप्त हो, सम्मान -गौमाता को राष्ट्र माता का मौलिक अधिकार प्रदान करवाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना है। बैठक में गुसाई बगीची संत अनंत दास महाराज, गौशाला व्यवस्थापक महेश दीवान, कोषाध्यक्ष मोहन लाल पारीक, कार्यकारिणी सदस्य नीलकमल सिखवाल, महेश रामावत, गौ सेवक रामजीलाल गुर्जर, श्याम सुंदर सैनी, तेजसिंह बडगूजर, रिटायर्ड प्रधानचार्य गोविंद सिंह नाथावत, अभय सिंह नाथावत, रामजीवन टेलर, सतीश शर्मा, अक्षय कुमावत समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# विशाल भण्डारा 16 को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** इच्छापूर्ण शिव मंदिर कुलडा का टीबा अरनिया के समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से आग्रह किया जाता है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 फरवरी को इच्छापूर्ण शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर विशाल महा भंडारे का आयोजन होने जा रहा है। इस विषय में आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के लिए समिति के अध्यक्ष नंदाराम के आदेशानुसार समिति के समस्त सदस्यगण पहुंचने का कष्ट करेंगे। ताकि विशाल महा भंडारे के आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करके अलग-अलग टीमों को जिम्मेदारियां दी जा सकें। जैसे रसोई व्यवस्था टीम, सहयोग राशि टीम, क्रय समिति, अनुशासन समिति, सत्संग समिति निमंत्रण समिति आदि व्यवस्थाओं पर बिंदुवार समीक्षा कर व्यवस्थाएं संपादित कर सकें।

# समस्या समाधान शिविर कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक शिविर का आयोजन 13 फरवरी को सुबह साढ़े 10 बजे अटल सेवा केन्द्र बैसवा में आयोजित किया जावेगा। कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर ने बताया कि नजदीकी गावों के समस्त पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि वे समस्या समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्या के निदान करावें। सभी पूर्व सैनिकों से निवेदन है कि वे अपने साथ स्पर्श पीपीओ, डिस्चार्ज बुक व बैंक पास बुक साथ लेकर आयें।

# श्री श्याम कृपा उत्सव 12 को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर सिल्वर एसोसिएशन के प्रथम स्थापना दिवस के 12 फरवरी को श्री श्याम कृपा उत्सव का भव्य आयोजन पृथ्वीराज रोड, सेंट्रल पार्क के सामने स्थित बी-5 परिसर में आयोजित किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि उत्सव के दौरान श्याम बाबा का नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा। इस अवसर पर इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा और बाबा को छप्पन भोग लगाया जाएगा, साथ ही भक्ति संध्या में अपनी सुरीली आवाज से बाबा को कोलकाता के विश्व विख्यात कोलकाता के सौरभ शर्मा, जयपुर के मामराज अग्रवाल, गोविंद शर्मा व महेश परमार सहित अन्य कलाकार भजनों से बाबा को रिझाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विशेष रूप से फूलों की होली और चंग धमाल का आयोजन भी किया जाएगा, इस भव्य आयोजन में राजनीति और समाजसेवा से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां शिरकत करेगी।

# भागवत कथा 19 से

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में मेहंदीपुर बालाजी मंदिर आथुना बास में सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ 19 फरवरी को मंगल कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। मंदिर के पुजारी राजूराम ने बताया कि 19 फरवरी को सुबह सवा 8 बजे कलश यात्रा दादोजी मंदिर से रवाना होगी जो मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुँचेगी। कथा का वाचन दंडी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज के द्वारा किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक रहेगा। पूर्णाहुति 26 को सुबह सवा 9 बजे तथा भंडारा सवा 12 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है।

# राज्यपाल ने जिला कलक्टर सुराणा को किया सम्मानित

निसं

**चूरू( नवयत्न )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को जयपुर में राज्य प्रशिक्षण केंद्र, जगतपुरा में आयोजित राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा को सम्मानित किया। जिला कलक्टर सुराणा को स्काउट गाइड सेवाओं के उन्नयन व प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद बैज से सम्मानित किया गया है। इसी के साथ समारोह के दौरान चूरू जिले के कुल 357 स्काउट-गाइड्स को राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, इनमें 246 स्काउट, 77 गाइड, 21 रोवर एवं 13 रेंजर शामिल हैं। बड़ी संख्या में पुरस्कार प्राप्त कर चूरू जिले ने प्रदेश स्तर पर अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज की है। इसी के साथ अवार्ड रैली में भी चूरू जिले का उत्साहपूर्ण प्रतिनिधित्व रहा, जिसमें चार स्काउट, दो गाइड, एक रोवर तथा एक रेंजर ने भाग लेकर जिले का मान बढ़ाया है। स्काउट महिपाल सिंह तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह उपलब्धि जिले के स्काउट-गाइड्स की कड़ी मेहनत, अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। यह सफलता चूरू जिले के स्काउट-गाइड संगठन के समर्पित प्रयासों और निरंतर प्रशिक्षण का प्रतिफल है, जिससे जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

# फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर मनाया जाएगा महाशिवरात्रि का पर्व

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। शिव का अर्थ है सदा कल्याणकारी। महाशिवरात्रि शिवतत्व की रात्रि है, जो मोक्ष प्रदान करने वाली मानी जाती है। व्रत, जागरण और रुद्राभिषेक से दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। स्कंद पुराण और शिव पुराण में महाशिवरात्रि को मोक्षदायिनी रात्रि बताया गया है। महाशिवरात्रि के साथ ही माघ मेला का अंतिम स्नान पर्व भी संपन्न होगा, जिसके बाद मेला क्षेत्र से संत-महात्मा और श्रद्धालु अगले वर्ष पुनरू आने का संकल्प लेकर तीर्थराज प्रयाग से विदा होंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार त्रयोदशी तिथि 14 फरवरी को अपराह्न 3:11 बजे से प्रारंभ होकर 15 फरवरी को शाम 4:23 बजे तक रहेगी। इसके बाद चतुर्दशी तिथि लगेगी, जो महाशिवरात्रि पर्व के लिए अनिवार्य मानी जाती है। महाशिवरात्रि की रात्रि में विशेष पूजा-अर्चना का विधान है। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को शाम 7:28 बजे तक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा तथा इसके बाद श्रवण नक्षत्र का आरंभ होगा। वहीं कुंभ राशि में सूर्य, बुध, शुक्र और राहु के एक साथ संचरण से दुर्लभ चतुर्ग्रहीय योग बन रहा है। इस विशेष योग में स्नान, दान और शिव उपासना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। डॉ. मिश्रा के अनुसार यौगिक परंपरा में भगवान शिव को देवता नहीं बल्कि आदिगुरु अर्थात प्रथम गुरु माना गया है। शिव से ही ज्ञान की उत्पत्ति मानी जाती है। मान्यता है कि सहस्त्राब्दियों के ध्यान के उपरांत जिस दिन भगवान शिव कैलाश पर्वत पर पूर्णत: स्थिर हुए, वही दिन महाशिवरात्रि के रूप में प्रतिष्ठित हुआ।

# पशुपालन एवं डेयरी सेक्टर को मजबूती देगा राज्य सरकार का बजट : कुमावत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ठोस कदम है। कुमावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री तथा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट समृद्ध किसान, सशक्त पशुपालक और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रावधानों से राज्य में पशुपालन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि बजट में पशुपालन, डेयरी मूल्य श्रृंखला, सहकारी निवेश को लेकर जो प्रोत्साहन दिए गए हैं, वे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे।

मंत्री ने इसे महिलाओं, छोटे किसानों और ग्रामीण गरीबों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान विकसित भारत के लिए एक निर्णायक कदम माना। श्री कुमावत ने पशुपालन से किसानों की आय में 25 से 30 प्रतिशत योगदान को स्वीकारते हुए कहा कि इस क्षेत्र में उद्यमिता विकास और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## एनसीआर, यूपी व एमपी में सरस खोलेगा आउटलेट्स

कुमावत का मानना है कि बजट में किए गए प्रावधान डेयरी सेक्टर को मजबूती तो देगें ही किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ राज्य सरकार के ष्विकसित प्रदेश के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। यह बजट डेयरी और पशुधन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक मील का पत्थर है। उन्होंने डेयरी सेक्टर के विस्तार के लिए 2000 करोड़ के कोरपस फंड की घोषणा का स्वागत करते हुए, कहा कि सरस ब्रांड को गुणवत्तापूर्ण राष्ट्रीय डेयरी ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए एनसीआरए उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश आदि राज्यों में सरस उत्पादों के आउटलेट्स खोले जाएंगे। इसके लिए 100 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। दुग्ध उत्पादन को बढावा देने के साथ-साथ दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अंतर्गत 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान दिया जा रहा है। आगामी वर्ष में इस योजना के तहत 700 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा, जिससे लगभग 5 लाख पशुपालक लाभांवित होंगे।

इसके अलावा एक लाख पशुपालकों को दूध आधारित उत्पाद-शुद्ध घी, मावा, पनीर, मिठाई आदि बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। देवस्थान मंत्री कुमावत ने कहा कि देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में आगामी वर्ष में 6 हजार वरिष्ठजनों को हवाई यात्रा व 50 हजार को एसी ट्रेन से देशभर के विभिन्न तीर्थ स्थलों की नि:शुल्क यात्रा करवाई जाएगी। इसके साथ ही देवस्थान विभाग की धर्मशालाओं की मरम्मत व जीर्णोद्धार के कार्य करवा, जाएंगे। विभाग की रिक्त जमीनों पर धर्मशालाओं के निर्माण व संचालन के सपलम बीओटी आधारित नीति बनाई जाएगी। मंत्री कुमावत ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर-होली, दीपावली, महाशिवरात्रि, रामनवमी, गुरुपूर्णिमा जैसे प्रमुख त्यौहारों को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए देवस्थान विभाग के मंदिरों में विशेष साज-सज्जा व आरती कार्यक्रम आयोजित करने के लिए 13 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। इसके अलावा प्रदेशभर के विभिन्न 10 मंदिरों में 10 करोड़ के कार्य करवाए जाएंगे।

# कृपा श्याम की का भव्य आयोजन 22 को

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** आगामी 22 फरवरी को तारानगर के श्याम प्रेमी परिवार के सौजन्य से विनायक रिसोर्ट, दिल्ली सरदारशहर रोड खेतरपाल मंदिर के पास, तारानगर में पिछले वर्ष की भांति बाबा श्याम का भव्य कार्यक्रम कृपा श्याम की का आयोजन किया जायेगा। श्याम प्रेमी प्रदीप सरावगी और रेणु सरावगी ने बताया की इस भव्य कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुतियां देने के लिए तुषार चौधरी कोलकाता, सोमेश जैन जयपुर, महेश पारीक मुंबई, शिवम जैन कानपुर, संगीत हनुमान म्यूजिकल ग्रुप मुंबई, श्याम श्रृंगार शंकर सैन जयपुर आएंगे। कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होकर रात को प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में बाबा का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत तथा रात को सामूहिक महाप्रसाद की भी व्यवस्था है। इससे पहले दिन 21 फरवरी को जब बाबा का शीश तारानगर पहुंचेगा तो तारानगर पुलिस स्टेशन के सामने सभी श्याम प्रेमी बाबा का स्वागत करके, नाचते-गाते ढोल नगाड़ो के साथ बाबा को लेकर आयेंगे। यह कार्यक्रम कोई व्यक्तिगत नहीं है। इसको करवाने वाला बाबा श्याम, करने वाला बाबा श्याम है।

# सतगुरु स्वामी पुरसनाराम साहिब का 193वां जन्मोत्सव 15 को

## 331 महिलाओं की निकलेगी कलश यात्रा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी समाज के प्रमुख संत सतगुरु स्वामी पुरसनाराम साहिब का 193वां जन्मोत्सव रविवार, 15 फरवरी को सेक्टर-4, जवाहर नगर स्थित स्वामी पुरसनाराम साहिब पार्क में श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष साईं मुकेश साध सुबह 11 बजे जवाहर नगर स्थित निवास से धर्म ध्वजा फहराएंगे। दोपहर 2 बजे विशाल कलश यात्रा निकलेगीए जो जवाहर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पार्क पहुंचेगी। शोभायात्रा की अगुवाई गजराज करेंगे, वहीं ऊंट-घोड़े भी शामिल रहेंगे। स्वामी जी का चित्र बग्घी में विराजमान रहेगा। 331 महिलाएं एकरूप वेशभूषा में सिर पर गंगाजल से भरे कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चलेंगी। मुख्य कार्यक्रम शाम 4:30 बजे होगा, जिसमें कटनी मध्य प्रदेश के सुप्रसिद्ध सिंधी गायक गोरधन उदासी और दिलीप उदासी भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगे। रात्रि में 193 पाउंड का शाकाहारी केक काटा जाएगा तथा पल्लव प्रार्थना के बाद महाआरती होगी। कार्यक्रम में देश-विदेश के विभिन्न शहरों से



श्रद्धालु भाग लेंगे।

## संक्षिप्त परिचय

विक्रम संवत 1889 में शिवरात्रि के दिन सिंध प्रांत के हथूंगे में जन्मे स्वामी पुरसनाराम साहिब समाज सुधारक और आध्यात्मिक संत थे। उन्होंने सिंध के ग्यांदर खोसो मातली में 12 वर्षों तक तपस्या की। उनके जीवन से जुड़े अनेक चमत्कार लोकमानस में प्रचलित हैं। विक्रम संवत 1964 के फाल्गुन मास में उन्होंने जीवित समाधि ली। देश-विदेश में उनके 30 से अधिक मंदिर हैं और शिवरात्रि पर विभिन्न स्थानों पर मेले आयोजित होते हैं।

# बोर्डरूम से मैदान तक : क्लैश ऑफ कॉरपोरेट्स ने जयपुर में भरा जोश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने अपने प्रमुख कॉरपोरेट स्पोर्ट्स इवेंट क्लैश ऑफ कॉरपोरेट्स के पांचवें संस्करण का सफल आयोजन किया, जिसमें विभिन्न उद्योगों से जुड़े पेशेवरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन खेल भावना, टीमवर्क और प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता का जीवंत उत्सव बना।

इस वर्ष 40 से अधिक कंपनियों से 800 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए और अंतिम दिन तक प्रतिभागियों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती रही। टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन डॉ. दानेश्वर शर्मा, निदेशक प्रभारी, एवं डॉ. आकाश दुबे, डीन प्रशिक्षण द्वारा किया गया। इस अवसर पर करियर मैनेजमेंट सेंटर सीएमसी की टीम, जिसमें श्री प्रफुल जैन, डॉ. प्रिया शर्मा, शिरीष पारेख, पीयूषमा पारेख एवं साक्षी दीप शामिल थीं, की उपस्थिति ने आगामी ऊर्जावान खेल आयोजनों के लिए प्रेरक वातावरण तैयार किया। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव में



डेलॉइट, सेलेबल टेक्नोलॉजीज, क्यू डिग्रीज, फोर्टिस हॉस्पिटल, एचडीएफसी लाइफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, स्विगी, टेलीपरफॉर्मेंस, आदित्य बिरला कैपिटल, पायस मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, क्यूएमएस इंडिया लिमिटेड, वीवॉइस लैब्स, आईडीबीआई बैंक, कोटक सिक्योरिटीज, ईएक्सएल सर्विस इंडिया, वैभव ग्लोबल लिमिटेड, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स, नारायणा हेल्थ जयपुर सहित कई प्रमुख संस्थानों की भागीदारी रही। इस आयोजन को डेकाथलॉन ने स्पोर्ट्स पार्टनर, तीखा गांव ने स्नैक्स पार्टनर और फोर्टिस हॉस्पिटल ने हेल्थ पार्टनर के रूप में सहयोग प्रदान किया। इनके सहयोग से पेशेवर खेल व्यवस्थाएं, प्रतिभागियों की स्वास्थ्य सुरक्षा और पूरे टूर्नामेंट का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया गया। क्लैश ऑफ कॉरपोरेट्स में रस्साकशी, शतरंज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, कैरम, वॉलीबॉल और क्रिकेट सहित कई खेल विधाओं में रोमांचक एवं खेल भावना से परिपूर्ण मुकाबले देखने को मिले। प्रमुख विजेताओं में क्रिकेट में क्यूएमएसए रस्साकशी पुरुष वर्ग में क्यू डिग्रीज, रस्साकशी मिश्रित वर्ग में अंगारा, शतरंज में अंगारा, बैडमिंटन मिश्रित युगल में एसटीपीएस सूरतगढ़, बैडमिंटन पुरुष एकल में वैभव ग्लोबल लिमिटेड, बैडमिंटन महिला एकल में सेलेबल टेक्नोलॉजीज, पिकलबॉल पुरुष वर्ग में जयपुरिया जयपुर, पिकलबॉल महिला वर्ग में सेलेबल टेक्नोलॉजीज, पिकलबॉल मिश्रित वर्ग में पायस मिल्क, कैरम युगल में क्यू डिग्रीज, कैरम एकल में टेलीपरफॉर्मेंस, टेबल टेनिस मिश्रित युगल एवं पुरुष एकल में अंगारा, बास्केटबॉल में डेलॉइट, पूल में अंगारा तथा वॉलीबॉल में एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड शामिल रहे। समापन समारोह में न केवल विजेताओं का सम्मान किया गया, बल्कि एकता, दृढ़ता और कॉरपोरेट आपसी सहयोग की भावना का भी उत्सव मनाया गया, जिससे क्लैश ऑफ कॉरपोरेट्स क्षेत्र में उभरती कॉरपोरेट स्पोर्ट्स संस्कृति का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा।

# स्टार एकेडमी स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का समापन

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का समापन बुधवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, सहायक निदेशक अशोक कुमार जांगिड़, वरिष्ठ व्याख्याता डाइट झुंझुनू दामोदर प्रसाद जांगिड़, पहलवान अमित चौधरी व विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों ने विजेताओं को पदक और ट्राफियाँ वितरित की। खेल उत्सव के अंतिम दिन खो-खो, बॉलीबाल और थ्रो बॉल जैसी रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हिमांशु कालेर, निखिल, सारा ने स्टार प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ट्रॉफी प्राप्त की व



डेफोडिल हाउस विजेता तथा उपविजेता ब्ल्यू बेल सदन रहा। छात्रों के लिए इस साल के खेल दिवस का अनुभव बेहद शानदार रहा जो शारीरिक विकास और अनुशासन का संदेश देता है। एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण ने विद्यार्थियों को खेल भावना और शारीरिक फिटनेस का महत्त्व समझाते हुए सभी प्रतिभागियों की कड़ी मेहनत की सीख दी। वहीं पहलवान अमित चौधरी ने विद्यार्थियों के खेल उत्साह, समर्पण व अनुशासन की सहराना की। यह खेल महोत्सव न केवल सफल रहा बल्कि इसने छात्रों को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित भी किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेटर विकास भालोठिया, कैप्टन मूलचंद झाझड़िया, संजय जांगिड़, हरिशचन्द्र कालोईया, मुकेश कुमार, श्वेता शर्मा, विजय भालोठिया, मुकेश तानेनिया, मुनेश कुमार, प्रतिभा शर्मा, विक्रम सिंह, दिव्या गुरह, महेंद्र सिंह सिहाग, संजय गरवा, नवनीत जांगिड़, कविता पूनिया, कर्म सिंह, जगदीश प्रसाद, सोमेंद्र सिंह राठौड़, रेणु कुमारी सोनी, कपिल जांगिड़, अरुण कुमार, पवन कुमार चिरानिया, प्रीतम रजाक, योगेश, जितेंद्र स्वामी, नवीन सैनी, महिमा शर्मा, सोहन सिंह, सैनीगल, पपीता कुल्हरी, ज्योति सैनी, दीपिका कुमारी, सीमा कंवर, अनिता कुमारी, कृष्णा धाकड़, सुमन कुमारी देवना, नेहा शर्मा, मनीषा बलौदा, रिंकू चौधरी, पिंकी जाँगिड़, सविता सैनी, ज्योति, रिशु, सूरज, प्रहलाद सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# एसीजेएम कोर्ट खोलने की घोषणा होने पर अधिवक्ताओं ने मनाई खुशी



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राज्य बजट घोषणा में तारानगर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोलने की घोषणा होने पर अधिवक्ताओं व न्यायिक कर्मचारियों ने खुशी मनाई। न्यायालय परिसर में बार संघ अध्यक्ष प्रभदयाल सहारण के नेतृत्व में अधिवक्ताओं व न्यायिक कर्मचारियों ने पटाखे फोड़ कर व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। अध्यक्ष सहारण ने एसीजेएम कोर्ट की घोषणा पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का आभार जताते हुए न्याय क्षेत्र में तारानगर के लिए इसे बड़ी सौगात बताया। इस मौके पर एडवोकेट लक्ष्मी नारायण सहारण, गजराजसिंह राजवी, जसवंत स्वामी, रतन चाचाण, बार अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण, निर्मल प्रजापत, महेन्द्र यादव, पवन योगी, राजेंद्र सिँह न्यागली, अनिल स्वामी, साजिद खान, विकास सोनी, अनिल राजपुरा, पंकज स्वामी, जितेंद्र राठौड़, विकास सिहाग, देवकरण प्रजापत, ललितदेव नैन, इस्पाक तेली सहित समस्त अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# जागरूकता अभियान 15 फरवरी तक

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम 2025 को लेकर ग्रामीण स्तर पर जागरूकता का अभियान शुरू किया गया है। 8 मार्च तक चलने वाले इस 6 चरणीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को नए कानूनी प्रावधानों, रोजगार गारंटी, पारदर्शी मजदूरी भुगतान और विकेन्द्रीकृत पंचायत प्लानिंग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कानूनी प्रावधानों और फायदों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके अधिकारों से रूबरू कराने के लिए विकसित भारत ग्राम संवाद गतिविधियां सोमवार से 15 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चन्द्र यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल, ग्राम सभा, ग्राम स्तरीय बैठक में 5 मिनट का सरल संवाद, जिसमें अधिनियम के अंतर्गत काम का वैधानिक अधिकार, भुगतान की प्रक्रिया, बेरोजगारी भत्ता एवं योजना निर्माण इत्यादि की ग्राम स्तर पर अधिनियम की बुनियादी समझ, अधिकारों एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट जानकारी दीवार लेखन/फ्लैक्स से हर ग्रामीण परिवार को 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएंगे। जिसमें प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में 125 दिन का रोजगार दिए जाने के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

# रिदम ऑफ यूथ 2026 में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाल विश्वविद्यालय, चुड़ेला में 9 से 11 फरवरी 2026 तक आयोजित रिदम ऑफयूथ 2026 कार्यक्रम में सेठ केदारनाथ मोदी राजकीय महाविद्यालय, गुढ़ा के होनहार विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा राधिका बीए सेमेस्टर तृतीय एवं अर्पणा बीएससी सेमेस्टर तृतीय ने उत्कृष्ट



प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर दोनों छात्राओं को ग्यारह हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि, प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में छात्रा राधिका ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में उन्हें पांच हजार सौ रूपये की प्रोत्साहन राशिए प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के छात्र वीर प्रताप सिंह एमए सेमेस्टर प्रथम ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में सहभागिता कर प्रभावशाली प्रस्तुति दी तथा उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय परिवार को अपने विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को इस सफलता हेतु हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190